हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, सोमवार, 18 नवंबर 2024 | अंक 36 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



# सोशल मिडिया पर महंगाई से राहत की अपील

## > वित्त मंत्री ने दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक यूजर द्वारा मध्यम वर्ग को राहत देने के अनुरोध पर प्रतिक्रिया दी। यूजर के पोस्ट को साझा करते हुए सीतारमण ने कहा कि इनपुट मूल्यवान है और सरकार लोगों की आवाज सुनती है। देश में बढ़ती महंगाई के बीच सोशल मीडिया यूजर तुषार शर्मा ने कहा कि वह चुनौतियों को समझता है, लेकिन फिर भी वित्त मंत्री से हर्दिक अनुरोध करता है कि वह मध्यम वर्ग को कुछ राहत देने पर विचार करें।



निर्मला सीतारमण ने यूजर के इस पोस्ट की सराहना की।

सोशल मीडिया यूजर तुषार शर्मा ने कहा, "हम देश के लिए आपके प्रयासों और योगदानों की सराहना करते हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मध्यम वर्ग को कुछ राहत देने पर विचार करें। मैं समझता हूं कि इसमें कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह मेरा आपसे अनुरोध है।" यूजर के इस पोस्ट पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने मध्यम वर्ग के प्रति यूजर की चिंता की सराहना की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर के अनुरोध का जवाब देते हुए कहा, "आपके दयालु शब्दों और आपकी समझ के लिए धन्यवाद। मैं आपकी चिंता की सराहना करती हूं। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार एक उत्तरदायी सरकार है। सरकार लोगों की बात सुनती है और उस पर ध्यान देती है। यूजर ने यह अनुरोध देश में बढ़ती महंगाई के बीच की जो मध्यम वर्ग के लिए चिंता बन गई है।

# आय का खुलासा न करने पर लगेगा 10 लाख का जुर्माना

## > आयकर विभाग ने किया आगाह

**नई दिल्ली.**

आयकर विभाग ने रविवार को करदाताओं को आगाह किया कि अगर उन्होंने विदेश में मौजूद संपत्ति या विदेश में अर्जित आय का खुलासा अपने आयकर रिटर्न्स में नहीं किया तो इसके लिए करदाताओं पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

आयकर विभाग ने हाल ही में शुरू किए गए अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग ने करदाताओं को चेताया कि वे 2024-25 के निर्धारण वर्ष में आयकर रिटर्न में ये जानकारी जरूर दें।

विभाग ने कहा कि भारत के करदाताओं के लिए विदेशी बैंक खाते, नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध, किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय साझेदारी, अचल संपत्ति, कस्टोडियल खाता, इक्विटी और ऋण ब्याज, आदि कोई भी पूंजीगत संपत्ति की जानकारी देना जरूरी है।



आयकर विभाग ने कहा कि करदाताओं को अपने आईटीआर में विदेशी संपत्ति या विदेशी स्रोत आय अनुसूची को 'अनिवार्य रूप से' भरना होगा, भले ही उनकी आय 'कर योग्य सीमा से कम' हो। एडवाइजरी में कहा गया है, आईटीआर में विदेशी संपत्ति/आय का खुलासा न करने पर काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) और कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।' सीबीडीटी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उन लोगों को याद दिलाना जिन्होंने अपने जमा किए गए आईटीआर में विदेशी संपत्तियों का विवरण नहीं दिया है। आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है।

कर विभाग के प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा था कि अभियान तहत उन करदाताओं को संदेश और ईमेल भेजा जाएगा, जिन्होंने पहले ही 2024-25 के लिए अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है। यह संचार ऐसे व्यक्तियों को भेजा जाएगा,जिनकी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत प्राप्त जानकारी के माध्यम से 'पहचान' की गई है कि उनके पास विदेश में संपत्ति या विदेशी आय हो सकती है।

# बाजार में दिखेगा पीएसयु स्टॉक का जलवा

**नई दिल्ली.** शेयर बाजार में निवेशकों के पिछले 1 महीने में 48 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं. हालांकि इस दौरान दो बड़ी कंपनियों की लिस्टिंग हुई है, जिसमें से एक का आईपीओ पॉजिटिव में तो दूसरे का निगेटिव में लिस्ट हुआ है. अब एक और बड़ी सरकारी कंपनी का आईपीओ पेश होने जा रहा है. एनटीपीसी लिमिटेड की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का आईपीओ 19 नवंबर 2024 को खुलेगा और 22 नवंबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध रहेगा. इस आईपीओ के तहत 25 नवंबर तक शेयर अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और 27 नवंबर को इसके शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे.

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का एक लॉट 138 शेयरों का होगा. इसका प्राइस बैंड 102-108 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. यानी निवेशकों को एक लॉट के लिए लगभग 14,904 रुपये निवेश करने होंगे. कंपनी का कुल आईपीओ साइज 10,000 करोड़ रुपये का है. यदि आईपीओ में निवेश करना चाहते हैं, तो उन्हें कम से कम 14 लॉट खरीदने होंगे. वहीं, कम से कम 68 लॉट लेना अनिवार्य होगा.

# अगले हफ्ते धमाका करने आ रहे हैं 3 आईपीओ

**नई दिल्ली.**

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने अपने 10,000 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए 102-108 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है, जो 19 नवंबर को सदस्यता के लिए खुलेगा. यह इश्यू जनता के लिए खुलने से एक दिन पहले 18 नवंबर को एंकर निवेशकों के लिए खुलेगा, और 22 नवंबर को बंद हो जाएगा. 10,000 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू होगा और इसमें बिक्री के लिए कोई प्रस्ताव (ओएफएस) घटक नहीं होगा. निवेशक एक लॉट में 138 शेयरों और उसके मल्टीपल में 138 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं. नए इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी में लोन के रिस्ट्रक्चर के रीपेमेंट और अन्य सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा.




एनटीपीसी द्वारा प्रमोटिड, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी जून 2024 तक परिचालन क्षमता और वित्तीय वर्ष 2024 में बिजली उत्पादन के मामले में सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (हाइड्रो को छोड़कर) है. एनटीपीसी ग्रीन के पोर्टफोलियो में 14,696 मेगावाट शामिल है, जिसमें 2,925 मेगावाट की परिचालन परियोजनाएं और 11,771 मेगावाट की अनुबंधित और रिवॉर्ड प्रोजेक्ट्स शामिल हैं.

# सोलर सेक्टर को प्रॉफिट में इजाफा

**नई दिल्ली.** सोलर सेक्टर की कंपनी ट्रॉम इंडस्ट्रीज ने छमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी की तरफ से दी जानकारी के अनुसार अप्रैल से सितंबर के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 4.13 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 109 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। एक साल पहले इसी छमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 1.97 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, गुरुवार को कंपनी के शेयर एनएसई में 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 250 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान कंपनी का रेवन्यू 46.23 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 98.67 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, एक साल पहले इसी छमाही में कंपनी का रेवन्यू 23.27 करोड़ रुपये रहा है।

# सेबी के नियम के आगे मजबूर हुआ टाटा ग्रुप

**नई दिल्ली.**

टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के आईपीओ को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है. हालांकि यह मसला रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के निर्णय पर टिका हुआ है. टाटा संस ने अपनी कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी का रजिस्ट्रेशन छोड़ने के लिए मार्च 2023 में आरबीआई को आवेदन दिया था. हालांकि, आठ महीने बीत जाने के बावजूद इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है.आरबीआई ने टाटा संस को नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी की अपर लेयर में वर्गीकृत किया है. आरबीआई के नियमों के अनुसार, इस कैटेगरी में



आने वाली सभी कंपनियों को सितंबर 2025 तक अपने शेयर बाजार में लिस्ट करना अनिवार्य है. टाटा संस ने इस अनिवार्यता से बचने के लिए अपने रजिस्ट्रेशन को त्यागने का फैसला किया है, जिससे इसे लिस्टिंग से छूट मिल सके.टाटा संस ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,813 करोड़ रुपए का सारा कर्ज चुका दिया है. इसके बाद, कंपनी ने आरबीआई को आवेदन दिया कि उसे अपर लेयर से हटाकर अनरजिस्टर्ड के रूप में वर्गीकृत किया जाए. ऐसा होने पर, कंपनी को शेयर बाजार में लिस्ट होने की आवश्यकता नहीं होगी.

हालांकि, आरबीआई ने अब तक टाटा संस के इस आवेदन पर कोई फैसला नहीं लिया है. सूत्रों के अनुसार, टाटा ग्रुप टाटा संस को सार्वजनिक करने के पक्ष में नहीं है. इससे पहले टाटा ग्रुप ने लिस्टिंग से छूट के लिए आरबीआई को प्रस्ताव दिया था, जिसे खारिज कर दिया गया था. एक निवेशक द्वारा सूचना का अधिकार के तहत किए गए सवाल पर, आरबीआई ने पुष्टि की कि टाटा संस ने 28 मार्च 2023 को रजिस्ट्रेशन छोड़ने के लिए आवेदन दिया था. आरबीआई ने यह भी बताया कि आवेदन की जांच की जा रही है. हालांकि, अब तक इसे स्वीकृत या अस्वीकृत करने को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है. टाटा संस के आईपीओ की स्थिति पूरी तरह आरबीआई के निर्णय पर निर्भर है. कंपनी ने कर्ज मुक्त होकर हटने का प्रयास किया है, लेकिन आरबीआई की चुप्पी इस मामले को और जटिल बना रही है. यह देखना दिलचस्प होगा कि रिजर्व बैंक इस पर क्या रुख अपनाता है और टाटा ग्रुप इसके लिए क्या रणनीति बनाता है.

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत संकेत : शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली.**

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी और ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट आ रही हैं जिसमें भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर अच्छे अनुमान दिए जा रहे हैं.

देश के केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से भी इसी तरह की सिफारिशें और विश्लेषण हैं जिसमें अंदाजा लगाया जा रहा है कि भारत की आर्थिक स्थिति के स्थिर और ठोस रहने का आकलन है जिसमें आर्थिक विकास दर को संतुलित तरह से आगे बढ़ने का रास्ता आसानी से मिलता रहेगा. ग्लोबल उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत की इकोनॉमी पर असर नहीं आएगा.आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा



कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र ग्लोबल घटनाओं से पैदा होने वाले किसी भी असर को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. उन्होंने कहा कि देश का बाहरी क्षेत्र भी मजबूत है. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन के उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद थे. शक्तिकांत दास ने कहा, "हमारा चालू खाता घाटा प्रबंधनीय सीमा के भीतर 1.1 फीसदी पर बना हुआ है जबकि इससे पहले 2010 और 2011 में चालू खाता घाटा छह से सात फीसदी के बीच था. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कोच्चि इंटरनेशनल फाउंडेशन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि "आज भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि स्थिरता और ताकत की तस्वीर पेश करती है" उन्होंने यह भी बताया कि भारत के पास लगभग 675 अरब अमेरिकी डॉलर का दुनिया का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है.

आरबीआई गवर्नर ने महंगाई पर कहा, समय-समय पर उतार-चढ़ाव के बावजूद इसके मध्यम रहने की उम्मीद है. ध्यान रहे कि खाद्य महंगाई के कारण भारत की महंगाई दर सितंबर में 5.5 फीसदी से बढ़कर अक्टूबर में 6.2 फीसदी हो गई है.

# 'एम्पॉवरिंग कंप्लायंस एंड गवर्नेंस' पर कार्यशाला का आयोजन



**नागपुर.**

द इंस्टीटयूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के नागपुर चैप्टरने नवंबर को कंपनीज एक्ट, 2013 विषय पर अपने सदस्यों और छात्रों के लिए नागपुर चैप्टर कार्यालय, फर्स्ट फ्लोर, साई प्रसाद एन्क्लेव, प्लॉट नं. 164, विवेकानन्द नगर, नागपुर (महाराष्ट्र) में कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस बी नरसिम्हन थे। इस समारोह में वेस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल (डब्ल्यूआईआरसी) ऑफ आईसीएसआई की सचिव सीएस दीप्ति जोशी, नागपुर चैप्टर ऑफ आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस भावेश थडानी, उपाध्यक्ष सीएस मोहित बत्रा, सचिव सीएस सुमित खीचा, कोषाध्यक्ष सीएस दीशा श्रॉफ, और समिति के सदस्य सीएस खुशाल बजाज, सीएस हर्षल किल्लेदार और सीएस सराह हुसैन कटवाला उपस्थित थे।

इस अवसर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई, जिसमें आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस बी नरसिम्हन ने मीडिया से बातचीत की और आईसीएसआई की भूमिका, गवर्नेंस और कंप्लायंस, द आईसीएसआई इंटरनेशनल एडीआर सेंटर, द आईसीएसआई इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल ऑडिटर्स, द आईसीएसआई सोशल ऑडिट स्टैंडर्ड, द आईसीएसआई स्टार्टअप और एमएसएमई कैटलिस्ट, द आईसीएसआई नेशनल अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस इन कॉर्पोरेट गवर्नेंस अवार्ड, द आईसीएसआई यूडीआईएन, ईसीएसआईएन, आईसीएसआई ओवरसीज सेंटर, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, छात्रों के लिए आईसीएसआई की नई पहल, कॉर्पोरेट और सिक्योरिटी मार्केट कंप्लायंस (सीएसएमसी), आईसीएसआई गुरु श्रेष्ठ पुरस्कार, इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड और आईसीएसआई कॉमर्स ओलंपियाड, आईसीएसआई अकादमिक कनेक्ट, रक्षा कर्मियों, अग्निवीरों और शहीदों के परिवारों के लिए आईसीएसआई फीस माफी योजना और माता-पिता को खो चुके छात्रों के लिए फीस में रियायत, आईसीएसआई स्टूडेंट्स एजुकेशन फंड ट्रस्ट जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर दो पैनल चर्चाएं भी आयोजित की गईं। पहली पैनल चर्चा का विषय " कंपनीज एक्ट, 2013" था, जिसमें सीएस सुनील जोन और सीएस चंचल राठौड़ पैनल चर्चा के लिए पैनलिस्ट थे, जबकि सीएस ओमप्रकाश बागड़िया ने चर्चा के मॉडरेटर के रूप में काम किया। दूसरी पैनल चर्चा का विषय "डिकोडिंग कंपनीज एक्ट : एम्पॉवरिंग कंप्लायंस एंड गवर्नेंस" था, जिसमें सीएस पूजा लूथरा और सीएस जय सोडानी पैनलिस्ट थे, और सीएस सारा हुसैन कटवाला ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई। कार्यशाला की शुरुआत आईसीएसआई के अध्यक्ष के नागपुर चैप्टर के सदस्यों और छात्रों के साथ संवाद से हुई। इस कार्यक्रम में लगभग 70 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल्स, कंपनी सेक्रेटरी, वकील और वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# क्या सर्दियों में प्याज नहीं निकालेगा आंसू ?

**नई दिल्ली.**

दिवाली बीत गई है और शादियों का सीजन शुरू हो गया है. शादियों में घरों में मेहमानों का जमावड़ा कई दिनों तक रहता है, जिनके लिए बड़े स्तर पर खाना पकाया जाता है और ज्यादातर घरों में सब्जी और दाल दोनों में प्याज का जमकर इस्तेमाल किया जाता है.

एक समय तो प्याज की कीमत 80 रुपए किलो तक पहुंच गई थी. जिसके बाद लोगों ने प्याज का यूज कम कर दिया था. अब लोगों के लिए अच्छी खबर आ रही है. दरअसल आने वाले दिनों में प्याज की कीमत काफी कम हो सकती है, जिससे शादी-ब्याह वाले घरों को तो राहत मिलेगी. वहीं जो लोग किलो-दो किलो प्याज खरीदते हैं, उन्हें भी राहत मिलेगी.

दिल्ली-एनसीआर में फिलहाल प्याज की कीमत 60 से 70 रुपए के बीच में है, लेकिन कुछ दिनों पहले तक ये कीमत 80 रुपए तक



थी. वहीं जानकारों के अनुसार आने वाले दिनों में प्याज की कीमत 10 से 15 रुपए तक और कम हो सकती है. ऐसे में जो लोग दाल-सब्जी में प्याज ज्यादा पसंद करते हैं तो आपके लिए ये अच्छी खबर है.

देश में प्याज की दो फसल होती है, जिसमें पहली फसल की कटाई नवंबर से जनवरी के बीच में होती है और दूसरी फसल की कटाई जनवरी से मई के बीच में होती है. अब दिवाली और छठ के बाद मजदूरों ने खेतों की ओर वापसी करना शुरू कर दिया है. ऐसे में जिस फसल की नवंबर से जनवरी के बीच कटाई होनी होती है वो शुरू हो गई है और मंडियों में प्याज का आवाक बढ़ना शुरू हो गई है.

इसलिए आने वाले एक-दो हफ्तों तक ही अब आपको महंगा प्याज खाना पड़ेगा.भारत ही नहीं एशिया की सबसे बड़ी प्याज की मंडी महाराष्ट्र के नासिक जिले के लासलगांव में है. यहां से ही देशभर के बाजारों में बड़े स्तर पर प्याज की सप्लाई होती है. आपको बता दें देश में महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में प्याज की अच्छी पैदावार होती है.


निकाल — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी — सोडत संख्या. 4:45 वाजता

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 46 • तिकिट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 17/11/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 6955 | 3244 | 8819 रेनबो ट्रेडर्स - मुरुड | 3505 | 6445 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 0477 | 1721 | | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1276 | 1335 | 3760 | 5933 | 6782 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1592 | 1664 | 2404 | 3486 | 3590 | 4025 | 7516 | 8302 | 8994 | 9575 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0372 | 0510 | 1748 | 1967 | 2525 | 3262 | 5598 | 6579 | 7365 | 8664 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 0617 | 1677 | 2622 | 3420 | 4541 | 5441 | 6197 | 7463 | 8793 | 9392 |
| | 0645 | 1711 | 2629 | 3573 | 4544 | 5450 | 6467 | 7637 | 8837 | 9414 |
| 0007 | 0683 | 1719 | 2632 | 3607 | 4609 | 5455 | 6558 | 7727 | 8840 | 9429 |
| 0031 | 0703 | 1731 | 2642 | 3634 | 4620 | 5512 | 6607 | 7768 | 8849 | 9447 |
| 0050 | 0750 | 1735 | 2681 | 3777 | 4740 | 5517 | 6612 | 7790 | 8867 | 9496 |
| 0054 | 0869 | 1751 | 2726 | 3885 | 4746 | 5567 | 6616 | 7796 | 8870 | 9559 |
| 0060 | 0925 | 1822 | 2748 | 3992 | 4764 | 5570 | 6702 | 7844 | 8880 | 9625 |
| 0070 | 0931 | 1991 | 2892 | 4107 | 4904 | 5573 | 6713 | 7847 | 8902 | 9734 |
| 0097 | 1036 | 2057 | 3122 | 4112 | 4935 | 5574 | 6727 | 7883 | 8972 | 9742 |
| 0101 | 1081 | 2125 | 3167 | 4130 | 4982 | 5598 | 6865 | 8011 | 8993 | 9764 |
| 0178 | 1114 | 2207 | 3182 | 4143 | 5023 | 5600 | 6936 | 8024 | 9064 | 9772 |
| 0211 | 1152 | 2212 | 3198 | 4147 | 5037 | 5611 | 6966 | 8032 | 9185 | 9856 |
| 0246 | 1158 | 2256 | 3208 | 4151 | 5064 | 5656 | 7086 | 8220 | 9192 | 9876 |
| 0340 | 1170 | 2288 | 3235 | 4160 | 5115 | 5945 | 7137 | 8313 | 9267 | 9901 |
| 0435 | 1209 | 2294 | 3323 | 4176 | 5140 | 5990 | 7170 | 8316 | 9269 | 9946 |
| 0501 | 1363 | 2302 | 3327 | 4272 | 5175 | 6161 | 7302 | 8383 | 9279 | 9952 |
| 0565 | 1505 | 2323 | 3334 | 4288 | 5177 | 6167 | 7304 | 8565 | 9280 | 9962 |
| 0600 | 1581 | 2348 | 3336 | 4322 | 5251 | 6170 | 7373 | 8569 | 9383 | 9969 |
| 0607 | 1656 | 2359 | 3376 | 4420 | 5341 | 6176 | 7399 | 8708 | 9389 | 9977 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 19/11/2024 — तिकिट फक्त 4 अंकाचा ₹14 लाख — ₹ 2.5 लाख — ₹20/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी सोडत दिनांक 17/11/2024

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — गणेशलक्ष्मी वैभव विकली लॉटरी — सोडत संख्या. 5:00

सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 46 • तिकिट कि. रु. 10/- • सोडत दिनांक 17/11/2024

पहिले बक्षिस रु. 10000/- MG-04: 5843 प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 3671

तिसरे बक्षिस रु. 1000/- 6170 6179 7489 7524 7663

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| चौथे बक्षिस रु. 400/- | 1841 | 2334 | 3244 | 4706 | 5589 | 6375 | 7014 | 8586 |
| 1011 | 1844 | 2479 | 3317 | 4926 | 5705 | 6429 | 7178 | 8598 |
| 1122 | 2023 | 2539 | 3333 | 5451 | 5925 | 6560 | 7789 | 8784 |
| 1381 | 2224 | 2548 | 3381 | 5530 | 6006 | 6562 | 7802 | 8785 |
| 1434 | 2233 | 2646 | 3805 | 5554 | 6019 | 6644 | 7852 | 8806 |
| 1491 | 2242 | 2755 | 4075 | 5555 | 6031 | 6698 | 8080 | 8807 |
| 1611 | 2278 | 2766 | 4534 | 5558 | 6066 | 6724 | 8156 | 8814 |
| 1624 | 2286 | 2991 | 4544 | 5569 | 6262 | 6864 | 8305 | 8823 |
| 1780 | 2287 | 3059 | 4593 | 5575 | 6306 | 6876 | 8497 | 8984 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 19/11/2024 — तिकिट फक्त 4 अंकाचा ₹14 लाख — ₹ 2.5 लाख — ₹20/-

गणेशलक्ष्मी वैभव विकली लॉटरी सोडत दिनांक 17/11/2024

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, सोमवार, 18 नवंबर 2024 अंक 36 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या डायबिटीज से परेशान हो ?
डायबेटीज चेकअप करके
पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं शिंदे ?

**मुंबई।**

उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने घोषणा की कि वे मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। इसके बाद अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उनके रास्ते पर चल पड़े हैं। शिंदे ने एक हिंदी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में बयान दिया कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। शिंदे का यह बयान तब अहम है जब राजनीतिक गलियारों में इस बात पर चर्चा चल रही है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? उन्होंने अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि अगला मुख्यमंत्री महायुति से होगा।


मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बांटो और राज करो कांग्रेस की नीति है। शिंदे ने पूछा कि राहुल गांधी बाला साहेब को हिंदू हृदय सम्राट कब कहेंगे। बाला साहेब कहते थे कि मैं अपनी पार्टी को कभी कांग्रेस नहीं बनने दूंगा।

लेकिन स्वार्थ के लिए और मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव ठाकरे कांग्रेस के साथ चले गए। वे वहां केवल कुर्सी के लिए गए थे। उन्हें लगा कि उनके बिना सरकार नहीं बनेगी। उद्धव ठाकरे ने बीजेपी की पीठ में छुरा घोंपा है। शिंदे ने ठाकरे पर जोरदार हमला बोला। मुख्यमंत्री शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक हैं तो सैफ हैं' नारे का समर्थन किया। कहा कि बाला साहेब की पुण्यतिथि पर राहुल गांधी का बयान अच्छा है लेकिन वे नहीं जानते कि शिवसेना को लेकर उनकी भावनाएं क्या हैं?

शिंदे ने सीधी चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो बाला साहेब ठाकरे को हिंदू हृदय सम्राट बनाकर दिखाएं। शिंदे ने कहा कि अगर बालासाहेब ठाकरे आज जीवित होते तो उन्होंने उद्धव ठाकरे को जंगल में वन्य जीवन की तस्वीरें लेने के लिए भेजा होता।

## महाराष्ट्र में महायुति की जीत की भविष्यवाणी

## फडणवीस भी खुद को रेस से बाहर बता चुके



### महाराष्ट्र की जनता महायुति के साथ

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा के चुनाव हैं. राज्य में किस तरह का माहौल दिख रहा है? इस सवाल के जवाब में एकनाथ शिंदे कहते हैं, माहौल तो महायुति के पक्ष में है। सब लोग बस वोटिंग का इंतजार कर रहे हैं। महायुति को लेकर मतदाताओं में जोश है। इस बार के चुनाव में एक अलग भावना है, क्योंकि जनता फिर से महायुति की सरकार चाहती है। लोगों में 'लाड़ली बहना योजना' को लेकर एक फीलिंग है। इन लोगों ने इस योजना को बंद कराने की कोशिश की. कोर्ट भी गए। इसलिए ये लोग गुस्से में महायुति के लिए वोट करेंगे।

### उद्धव ने महाराष्ट्र के लोगों को धोखा दिया

शिंदे ने कहा कि हमें बीजेपी ने कहा था कि हम आपको ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री पद देंगे। लेकिन उससे पहले ही ठाकरे मुख्यमंत्री बन गए। नतीजे आते ही उन्हें आंकड़े समझ आ गए। यह जानते हुए कि उनके बिना सरकार नहीं बन सकती। उन्होंने स्थिति का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को धोखा दिया।

## खबरें! एक नजर में!!

### बंद हुए बदरीनाथ धाम के कपाट

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड स्थित बाबा बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार की रात 9 बजकर 7 मिनट पर घृत कंबल ओढ़ाने के बाद निर्धारित समय पर बंद कर दिए गए। इससे पहले शनिवार को वैदिक परंपरा के तहत पंज पूजा के चौथे दिन मां लक्ष्मी की पूजा हुई। उन्हें कढ़ाई के प्रसाद का भोग लगाया गया। फिर देवी लक्ष्मी से बदरीनाथ मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होने की प्रार्थना की गई।

### आरबीआई को धमकी भरा कॉल

**मुंबई।** मुंबई स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दफ्तर को एक धमकी भरा कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का सीईओ बताते हुए धमकी दी। यह कॉल शनिवार सुबह 11 बजे आई और इसके बाद आरोपी ने गाना गाना शुरू कर दिया। कॉल आने के बाद आरबीआई अधिकारियों ने तुरंत मुंबई पुलिस को सूचित किया। रमाबाई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया।

### श्रीनगर तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** देशभर में वंदे भारत ट्रेनों को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। कम समय में गंतव्य तक पहुंचाने वाली वंदे भारत में शानदार सुविधाएं दी जाती हैं। अब नए साल पर श्रीनगर की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। जनवरी, 2025 में दिल्ली से श्रीनगर वंदे भारत की शुरुआत हो सकती है। यह सफर पूरी रात का होगा और सुबह लोग श्रीनगर पहुंच जाएंगे।

### सिद्दीकी हत्याकांड में एक और गिरफ्तारी

**मुंबई।** मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने सलमान वोहरा नामक व्यक्ति को अकोला से गिरफ्तार किया है. सलमान ने आरोपियों को आर्थिक रूप से मदद पहुंचाई थी. इस मामले में अब तक 25 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है.


### शरद पवार के बैग की हुई जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र में चुनाव की गहमागहमी के बीच बारामती में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शरद पवार के बैग की तलाशी ली। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बैग की भी जांच की गई थी। यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि विपक्ष ने केंद्र सरकार पर लगातार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

### 5.62 करोड़ की नशीली दवाएं जब्त

**मुंबई।** रविवार को नवी मुंबई से दो नाइजीरियाई नागरिकों को 5.62 करोड़ रुपये के नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। इन नशीली दवाओं को देश के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई किया जाना था। इन दोनों को अपना आवास किराए पर देने के आरोप में तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी ओनेका हिलेरी इलोडिंसो (25) के पास कथित तौर पर 2.42 किलोग्राम मेफेड्रोन और 174 ग्राम कोकीन था।

## सरोद वादक आशीष खान का निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के मशहूर सरोद वादक आशीष खान का निधन हो गया है। वह 84 साल के थे, उन्होंने अंतिम सांस अमेरिका के लॉस एंजिल्स में ली। खान के निधन से उनके चाहने वालों को बड़ा झटका लगा है। सोशल मीडिया के माध्यम से उनके चाहने वाले व शास्त्रीय संगीत की दुनिया के दिग्गज उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। साल 2004 में खान को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था।

## नाइजीरिया से मिला पीएम मोदी को बड़ा सम्मान

### पीएम ने अभिवादन में कही खास बात

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय नाइजीरिया दौरे पर हैं, और इस दौरे के दौरान उन्हें नाइजीरिया सरकार की तरफ से एक विशेष सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो नाइजीरिया के सबसे बड़े नागरिक सम्मान में से एक है।

यह पुरस्कार पीएम मोदी की नाइजीरिया और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों को लेकर दिया गया है। पीएम मोदी ने इस सम्मान को विनम्रता से स्वीकार करते हुए इसे भारत के लोगों को समर्पित किया।

इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद पीएम मोदी ने नाइजीरिया सरकार और जनता का आभार व्यक्त किया. पीएम ने इस पुरस्कार को भारत और नाइजीरिया के बीच मजबूत होते संबंधों का प्रतीक बताया। उनका मानना था कि यह सम्मान भारत और नाइजीरिया के बीच बढ़ती दोस्ती और सहयोग को दर्शाता है।

उनका यह बयान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। भारत और नाइजीरिया के बीच ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं, और यह पुरस्कार इस रिश्ते के नए दौर का संकेत है. दोनों देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक, और राजनीतिक सहयोग कई दशकों से बढ़ता जा रहा है.

### पीएम का कूटनीतिक दृष्टिकोण

❑ प्रधानमंत्री मोदी का यह सम्मान भारत की वैश्विक कूटनीति की सफलता को भी दर्शाता है। उनका दृष्टिकोण हमेशा से यह रहा है कि भारत को दुनिया के सभी प्रमुख देशों के साथ मजबूत और संतुलित संबंध स्थापित करने चाहिए। नाइजीरिया के साथ बढ़ते रिश्ते, खासकर अफ्रीका में, भारत की कूटनीतिक पहल का हिस्सा हैं। यह न केवल भारत की वैश्विक छवि को सुदृढ़ करता है, बल्कि अफ्रीका में भारत के प्रभाव को भी बढ़ाता है।

नाइजीरिया, भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, और दोनों देशों के बीच विकास, शिक्षा, और तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में भी अहम साझेदारियां हैं।

## मणिपुर में फिर बिगड़े हालात

### कई विधायकों के घर फूंके, 7 जिलों में इंटरनेट बंद

**इंफाल।** मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा का दौर लौट आया है। गुस्साए लोगों ने मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह के निजी आवास पर भी हमला कर दिया। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले तक छोड़ने पड़े। रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह उस समय खबर में नहीं थे। वो अपने ऑफिस में थे और पूरी तरह से सुरक्षित हैं। राज्य सरकार ने हाल में ही इंफाल में कर्फ्यू लगा दिया है। यहां तीन लोगों की हत्या के बाद भड़के विरोध प्रदर्शनों के मद्देजनर छह जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर कर दी हैं। प्रदर्शनकारियों ने इंफाल में दो मंत्रियों और तीन विधायकों के घरों पर हमला किया था, जिसके बाद ये विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए थे।

जानकारी के अनुसार, इंफाल पश्चिम जिले के लांफेल सनकेथेल में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री सपम रंजन के आवास पर भी भीड़ ने हमला कर दिया था। वहीं, भीड़ ने उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री एल.सुसिन्द्रो सिंह के घर को भी निशाना बनाया है।

प्रदर्शनकारियों ने केशमथोंग निर्वाचन क्षेत्र के टिड्डिम रोड में निर्दलीय विधायक सपम निशिकांत सिंह के आवास के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विधायक के स्वामित्व वाले एक स्थानीय समाचार पत्र के ऑफिस पर भी हमला किया। मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह के दामाद और भाजपा विधायक आरके इमो के आवास के बाहर भी प्रदर्शनकारी जमा हो गए थे. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने इन हत्याओं पर उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।



### एनपीपी ने सरकार से वापस लिया समर्थन

मणिपुर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू के बीच एनपीपी ने भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। एनपीपी ने मणिपुर सीएम एन बीरेन सिंह पर आरोप लगाया कि वे राज्य में बिगड़ते हालात संभालने में नाकाम रहे हैं। उधर, गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर के हालातों पर अधिकारियों संग बैठक की और शांति सुनिश्चित करने के कदम उठाने के निर्देश दिए।

## सेना को मिली ऐतिहासिक ताकत

### स्वदेशी हाइपरसोनिक मिसाइल की हुई सफल टेस्टिंग



**नई दिल्ली।**

भारत को हाइपरसॉनिक मिसाइल के परीक्षण में बड़ी सफलता मिली है। देश में रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान के लिए प्रसिद्ध डीआरडीओ ने लंबी दूर तक मार करने वाली हाइपरसॉनिक मिसाइल के फ्लाइट ट्रायल को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। बताया गया है कि यह परीक्षण ओडिशा के तटीय इलाके पर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप पर किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण शनिवार को किया गया था। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक पोस्ट में कहा कि अब भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने इस बेहद अहम तकनीक को विकसित किया है। राजनाथ ने इस कामयाबी के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योगों को बधाई दी और इसे आश्चर्यजनक सफलता करार दिया।

इस हाइपरसॉनिक मिसाइल को हैदराबाद स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्पलेक्स लैबोरेट्री, डीआरडीओ और उद्योग से जुड़े अन्य साझेदारों के साथ मिलकर तैयार किया गया है। इसे 1500 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तक अलग-अलग पेलोड से हमला करने के लिए बनाया गया है। इसे सभी सशस्त्र बलों के इस्तेमाल के लिहाज से तैयार किया गया है।

बताया गया है कि मिसाइल के परीक्षण के दौरान डीआरडीओ के वैज्ञानिक और सशस्त्र बल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अलग-अलग रेंज सिस्टम से इसे ट्रैक किया गया। इसके बाद मिसाइल की उड़ान को लेकर जो आंकड़े सामने आए, उससे इसके प्रभाव और अचूक निशाने की बात तय हो गई।

हाइपरसोनिक मिसाइल आवाज की रफ्तार (1235 किमी प्रतिघंटा) से कम से कम पांच गुना तेजी से उड़ान भर सकती है। यानी इसकी न्यूनतम रफ्तार 6174 किमी प्रतिघंटा होती है। हाइपरसोनिक मिसाइल क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल दोनों के फीचर्स से लेस होती हैं।

### पांच देशों के पास है हाइपरसोनिक मिसाइल क्षमता

❑ रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनिया में इस वक्त हाइपरसोनिक मिसाइल की क्षमता सिर्फ पांच देशों- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और भारत के पास है। हालांकि, ईरान की तरफ से भी ऐसी मिसाइलों के परीक्षण की खबरें सामने आती रही हैं। इसके अलावा ब्रिटेन, इस्राइल, ब्राजील और दक्षिण कोरिया में यह तकनीक विकसित की जा रही है।

## कांकेर मुठभेड़ में मारे गए पांच नक्सली

**रायपुर।** माड़ डिविजन में माओवादियों के साथ चल रहा एनकाउंटर अभी भी जारी है. फोर्स की एक टुकड़ी मारे गए पांच नक्सलियों के शव लेकर छोटे बेठिया थाने पहुंच चुकी है। यहां से मारे गए सभी नक्सलियों के शवों को जिला मुख्यालय लाया जाएगा। जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद शवों की पहचान करने की कवायद शुरु होगी। एसपी आई के एलिसेला ने कहा है कि एक टुकड़ी शव लेकर लौटी है जबकि दूसरी टुकड़ी नक्सल मोर्चे पर माओवादियों से माड़ डिविजन में लोहा ले रही है। एनकाउंटर पर आला अफसर नजर बनाए हुए हैं।

जवानों के एंबुश में फंसे नक्सली मौके से भागने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक नक्सली क्रॉस फायरिंग कर जवानों को भटकाने की भी कोशिश कर रहे हैं। फोर्स ने नक्सलियों को माड़ डिविजन में घेर रखा है। एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान माओवादियों को तगड़ा झटका जवानों ने दिया है। माड़ डिविजन में चल रहे एनकाउंटर को लेकर पुलिस के आला अफसर लगातार नजर बनाए हुए हैं।


## एक और नवजात ने त्यागे प्राण

### झांसी अग्निकांड में सरकार ने जांच कमेटी बदली

**नई दिल्ली।** झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज की एनआईसीयू में आग लगने के दौरान बचाये गये बच्चों में एक और बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे आग में झुलसकर मृत नवजातों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया था कि हादसे में बचाये गये 38 नवजात बच्चों का इलाज किया जा रहा है। कुमार ने बताया तीन नवजात की हालत गंभीर बताई गई थी, जिनमें से एक नवजात की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. मृत नवजात बच्चों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

### चार सदस्यों की टीम करेगी मामले की जांच

❑ यूपी के चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा ने इस घटना में चार सदस्यीय जांच समिति गठित करने की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने की घटना की जांच के लिए गठित समिति तीन बिंदुओं पर जांच करेगी।



हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बच्चे की मौत जलने की वजह से नहीं हुई है. उन्होंने यह भी कहा कि जिन बच्चों का उपचार किया जा रहा है उनमें से कोई भी जलने की वजह से जख्मी नहीं है। उन्होंने बताया कि ये वे बच्चे हैं जिन्हें अस्पताल के कर्मचारियों ने बचाया था. कुमार ने बताया कि एनआईसीयू में भर्ती बच्चों की हालत गंभीर है। जिलाधिकारी ने मीडिया को यह भी बताया कि उन्होंने रविवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया. साथ ही पीआईसीयू में भर्ती बच्चों का हालचाल जाना तथा उनके परिजनों से भी बात की। उन्होंने कहा, मैंने डॉक्टरों से बात की है और बच्चों की हालत स्थिर है.

## आज थमेगा महाराष्ट्र का चुनाव प्रचार

### विकास के नाम से शुरू हुआ था कैंपेन

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान का चुनावी शोर आज सोमवार की शाम थम जाएगा. इस हिसाब से आखिरी दो दिनों में हर राजनीतिक दल ने पूरी ताकत झोंक दी है. चुनावी गहमागहमी, बहसबाजी और आरोप-प्रत्यारोपों का दौर भी चरम पर है।

सत्ताधारी महायुति हो या महाविकास अघाड़ी (एमवीए) प्रचार अभियान कल्याणकारी पहलों और विकास जैसे मुद्दों के साथ शुरू हुआ था, लेकिन जैसे-जैसे यह आगे बढ़ा तो राजनीतिक रैलियों तथा सभाओं में 'वोट जिहाद', 'धर्म युद्ध', 'संविधान खतरे में' जैसे नारे लगने लगे। प्रचार अभियान के आखिरी दौर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने अजित पवार और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे द्वारा किए गए 'विश्वासघात' का हवाला देते हुए मतदाताओं से भावनात्मक अपील की।

मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), अजित पावर की रांकापा के गठबंधन वाली महायुति सरकार चुनावों से पहले महिलाओं के लिए अपनी 'लाडकी बहिन योजना' के सहारे मतदाताओं को साधने में लगी है। बता दे कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार ढाई साल तक सत्ता में रही, लेकिन जून 2022 में शिंदे और अन्य नेताओं ने बगावत कर दी और इसे गिरा दिया गया। पिछले साल, अजित पवार ने भी कई राकांपा विधायकों के साथ पार्टी में बगावत कर दी थी और महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री बन गए थे। निर्वाचन आयोग ने शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट असली राकांपा घोषित कर दिया। राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) के प्रचार अभियान में शिंदे और अजित पवार द्वारा किया गया 'विश्वासघात' का मुद्दा हावी रहा और ठाकरे ने मतदाताओं से 'गद्दारों' को पराजित करने की अपील की।

### विवादों में रहे प्रचार में किये गए नारे

लोकसभा चुनावों में करारी हार के बाद शिंदे नीत महायुति सरकार ने कई कल्याणकारी पहल शुरू की, जिनमें 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' भी शामिल है, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाते हैं। कल्याणकारी उपायों और विकास के वादों के साथ शुरू हुए प्रचार अभियानों में 'बंटेंगे तो कटेंगे', 'एक हैं तो सेफ हैं', 'वोट जिहाद' और 'धर्म युद्ध' जैसे नारे धीरे-धीरे हावी हो गए।

## संसद अधिनियम 1959 में बदलाव की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारतीय सरकार 65 साल पुराने एक कानून को निरस्त करने जा रही है जो लाभ के पद धारण करने पर संसद सदस्यों (सांसदों) की अयोग्यता को नियंत्रित करता है। वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप एक नया विधेयक निर्माणाधीन है। केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधायी विभाग ने 16वीं लोकसभा के दौरान कलराज मिश्रा के नेतृत्व में लाभ के कार्यालयों पर संयुक्त समिति (जेसीओपी) की सिफारिशों के आधार पर संसद अयोग्यता निवारण विधेयक, 2024 का मसौदा पेश किया है। प्रस्तावित विधान का उद्देश्य मौजूदा संसद अयोग्यता निवारण अधिनियम, 1959 की धारा 3 को सुव्यवस्थित करना है।

इसका उद्देश्य अनुसूची में कार्यालयों की नकारात्मक सूची को समाप्त करना है जो वर्तमान में अयोग्यता की ओर ले जाती है। इसके अतिरिक्त, विधेयक का उद्देश्य मौजूदा अधिनियम और अन्य क़ानूनों के बीच संघर्षों को हल करना है जो स्पष्ट रूप से अयोग्यता को रोकते हैं। मसौदा विधेयक में एक और महत्वपूर्ण परिवर्तन धारा 4 को हटाना है, जो विशिष्ट मामलों में अयोग्यता के अस्थायी निलंबन से संबंधित है।

CMYK

## सुविचार

ज्ञान उस दीपक की तरह है, जो अंधकार को हटाता है। और ज्ञान का प्रकाश फैलाता है।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र की जनता

मुंबई को अडानी पूरी तरह से निगलना चाहते हैं। फडणवीस-एकनाथ शिंदे ये सब अडानी के लोग हैं। अडानी मोदी की दौलत के संरक्षक हैं। यह फॉर्मूला महाराष्ट्र को विनाश की ओर ले जा रहा है। यह चुनाव महाराष्ट्र के अस्तित्व के साथ ही स्वाभिमान का भी है। अडानी को पराजित करना ही महाराष्ट्र के हित में है। नहीं तो शहीद स्मारक की जमीन पर भी अडानी का टॉवर खड़ा होगा! महाराष्ट्र चुनावों के लिए तैयार हो गया है। इस लेख को लिखते समय शिंदे गुट के दिल्ली के नेता अमित शाह ने महाराष्ट्र में आकर घोषणा की कि आज का चुनाव हम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में लड़ रहे हैं, लेकिन नतीजों के बाद हम साथ बैठकर तय करेंगे कि नेता कौन होगा। मतलब साफ है कि शिंदे का कार्यकाल अमित शाह ने खत्म कर दिया है। अमित शाह अब फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, लेकिन महाराष्ट्र की जनता फडणवीस की परछाई तक स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

गृहमंत्री फडणवीस के तीन वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार और अपराधीकरण व्यापक रूप से बढ़ा। मुख्यमंत्री शिंदे और उनके लोग आपराधिक गिरोहों का इस्तेमाल राजनीति के लिए कर रहे हैं। बाबा सिद्दीकी जैसे नेता की हत्या कर दी गई और अपराधी उन तक न पहुंच जाएं, इस डर से गृहमंत्री ने अपनी सुरक्षा बढ़ा दी। उन्होंने अपने घर के चारों ओर आतंकवादियों से लड़ने के लिए बनाई गई एक विशेष सशस्त्र टीम फोर्स वन के गार्ड तैनात कर दिए। आम आदमी हवा में और गृहमंत्री सुरक्षा के विशेष घेरे में। ऐन चुनाव में महाराष्ट्र के गृहमंत्री को किससे खतरा है, यह राज्य की जनता को पता होना चाहिए। नागपुर में फडणवीस ने एक मजेदार बयान दिया। 'मैं पच्चीस साल से मुंबई में रह रहा हूं, लेकिन मेरा अपना घर मुंबई शहर में नहीं है।' फडणवीस जैसे बड़े नेता अपने नाम पर संपत्ति नहीं बनाते। मुंबई के सारे बिल्डर किसके हैं? भाजपा को ये बताना चाहिए। सत्यपाल मलिक ने खुलासा किया कि अडानी की सारी संपत्ति नरेंद्र मोदी की है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमोल काले का निधन हो गया। काले का मुंबई क्रिकेट से न तो कोई संबंध था और न ही कोई योगदान। फिर भी फडणवीस ने पूरी ताकत झोंककर काले को मुंबई बोर्ड का अध्यक्ष बनाया। काले की मौत के बाद उनकी संपत्ति और निवेश को लेकर कई चर्चाएं और नाम सामने आए, इनमें एक नाम श्री. फडणवीस का भी था। आज एकनाथ शिंदे के पास 'वर्षा' समेत तीन सरकारी बंगले हैं। 'नंदनवन' बंगला उन्होंने नहीं छोड़ा।

फडणवीस के पास 'सागर' और एक अन्य सरकारी बंगला है। लोढ़ा, अडानी,आशर जैसे कई बिल्डरों पर उनकी कृपादृष्टि है। तो फिर फडणवीस को अलग घर की जरूरत क्यों है? महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी बिल्डरों की वजह से महाराष्ट्र के लोगों को घर नहीं मिल पा रहे हैं। उनके रखवाले फडणवीस और उनके लोग हैं। फडणवीस ही राज्य के मुख्यमंत्री बनें, ऐसी इच्छा राज ठाकरे ने जताई है। ये खतरे की घंटी है। ये स्टार प्रचारक! अमित शाह और नरेंद्र मोदी ही भाजपा के 'स्टार प्रचारक' हैं और वही महाराष्ट्र में भाजपा की नैया डुबाते नजर आ रहे हैं। महाराष्ट्र चुनाव में वो कश्मीर की धारा 370 लेकर आए। शाह का कहना है कि उद्धव ठाकरे धारा 370 हटाने का विरोध करने वाले लोगों के पक्ष में बैठे हैं। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर गृहमंत्री शाह ने कौन-सा उजाला कर दिया? यह मेरा उनसे सवाल है। शाह लगातार आठ दिनों से महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने 13 हमले किए, जिनमें 9 जवान शहीद हो गए और आम नागरिक भी मारे गए।

# बेलगाम हुई साइबर ठगी

## पुलिस और एजेंसियों को सक्षम बनाने की जरूरत

**संजय गुप्त**

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। करीब-करीब हर दिन लोग साइबर ठगी के शिकार होकर अपना पैसा गंवा रहे हैं। एक समय पहले जैसे डकैती आम बात थी, वैसे ही अब साइबर ठगी। साइबर ठग नित-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं। पहले वे धोखे से लोगों की क्रेडिट, डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी लेकर ठगी करते थे, फिर तरह-तरह का लालच देकर ठगने लगे। अब वे डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर लोगों को ठग रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट की फर्जी धमकी से भयभीत होकर लोग साइबर ठगों के चंगुल में कहीं आसानी से फंस जा रहे हैं। इनमें अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग भी हैं। अब तो नौकरशाह, उद्योगपति भी उनके चंगुल में फंसने लगे हैं।

कई लोग ऐसे हैं, जो डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वाले ठगों के खातों में करोड़ों रुपये ट्रांसफर कर चुके हैं। साइबर ठगी के मामले अकेले भारत में ही नहीं, लगभग हर देश की पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बन कर सामने आ रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार 2025 में साइबर ठगी से होने वाली आर्थिक क्षति 10 लाख करोड़ डालर से भी अधिक हो सकती है। यह आंकड़ा सुनकर किसी के भी पैरों तले जमीन खिसक सकती है। यह आंकड़ा यही बताता है कि साइबर ठग किस तरह बेलगाम होते जा रहे हैं। साइबर ठगी के मामलों में पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती ठगों की पहचान करना और उन्हें पकड़ना और फिर उनसे ठगी की रकम वसूलना होता है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि साइबर ठग अक्सर विदेश में रहकर ठगी करते हैं और वह भी मोबाइल फोन, ईमेल आदि के जरिये। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के साथ यह भी दिख रहा है कि लोगों से ठगी के जरिये हासिल की गई राशि बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों दिल्ली के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर से दस करोड़ रुपये डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर हड़प लिए गए। इसके पहले वर्धमान ग्रुप के प्रमुख एसपी ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठग लिए गए थे। साइबर ठगों ने उन्हें फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर ठगा और उनके कथित मामले की सुप्रीम कोर्ट में फर्जी सुनवाई तक का नाटक किया। पांच-दस लाख रुपये की ठगी के मामले तो बहुत आम हो गए हैं। भारत सरकार ने बार-बार कहा है कि उसकी कोई एजेंसी डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई नहीं करती। खुद प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में यह कह चुके हैं कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देने वालों से सावधान रहें। इसके बाद खबर आई कि विभिन्न एजेंसियां साइबर ठगों के खिलाफ सक्रिय हो रही हैं, लेकिन इसका कहीं कोई सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। साइबर ठग पहले की ही तरह बेलगाम हैं।

समझना कठिन है कि जब साइबर ठगी के मामले इतने बढ़ रहे हैं, तब सरकार की तरफ से नागरिकों को जागरूक करने के काम में शिथिलता क्यों बरती जा रही है? सरकार को चाहिए कि वह यह बार-बार बताएं कि टैक्स की वसूली करने वाले आयकर, जीएसटी जैसे विभागों का डिजिटल अरेस्ट से कोई लेना-देना नहीं। इसी तरह यह भी प्रचारित किया जाना चाहिए कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स जैसे विभाग न तो डिजिटल अरेस्ट जैसी कार्रवाई करते हैं और न ही किसी मामले में किसी व्यक्ति को अपना पैसा किसी अन्य के खाते में जमा कराने को कहते हैं। साइबर ठग लोगों को धमकाने के लिए कभी फोन कर यह कहते हैं कि उनके नाम आए या उनके नाम से भेजे गए पार्सल में ड्रग्स मिला है। कभी यह कहते हैं कि उनके खाते से अवैध लेन-देन हो रहा है और कभी यह कि आपके बेटे-बेटी को अमुक-अमुक अपराध में हिरासत में लिया गया है।

अनेक मामलों में वे वाट्सएप के जरिये वीडियो कॉल करते हैं। वे लोगों को डिजिटली अरेस्ट कर लिए जाने का भय दिखाते हैं। वे मैसेज के जरिये कोई लिंक भेजकर उसे क्लिक करने को भी कहते हैं, ताकि लिंक पर क्लिक करने वाले का मोबाइल फोन हैक कर सकें। साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को केवल लालच में आने से ही नहीं बचना होगा, बल्कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, जीएसटी आदि विभागों के फर्जी अधिकारी बनकर फोन करने वालों से भी सावधान रहना होगा। लोग इन अधिकारियों की आड़ में साइबर ठगों के फोन से घबरा जाते हैं तो इसलिए भी कि इन विभागों की छवि अच्छी नहीं। आम धारणा है कि इन विभागों की किसी कार्रवाई के दायरे में आने का मतलब है उससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाना और वर्षों अदालतों के चक्कर काटते रहना। लोग उन समाचारों से अवगत ही हैं कि सीबीआई, ईडी आदि की कार्रवाई के दायरे में आने वाले किस तरह लंबे समय तक जेल में सड़ते रहते हैं और उन्हें अदालतों से भी राहत नहीं मिल पाती।

## ज्ञान

# पृथ्वी पर आते रहते हैं एलियन?

क्या सचमुच पृथ्वी के अलावा कहीं जीवन है? क्या सच में एलियन होते हैं? क्या दुनिया के किसी हिस्से में वाकई 'जादू' किसी सिग्नल का इंतज़ार कर रहा है? क्या कभी-कभी आसमान में दिखने वाली संदिग्ध गतिविधि यूएफओ हैं? इस तरह के अनगिनत सवाल बीते कुछ सालों से आम इंसानों के मन में तैर रहे हैं. लेकिन इन सवालों के वाजिब जवाब अब तक नहीं मिल पाए हैं.

इंसान अंतरिक्ष में जाकर वहां महीनों का वक्त गुजार देता है, चांद पर कदम रख चुका है और तो और दूसरे ग्रहों तक पहुंचने की कोशिश में भी जुटा है, लेकिन एलियन और यूएफओ से जुड़ी पहेली कोई नहीं सुलझा पाया. यूएफओ का फुल फॉर्म है- 'अनआइडेंटिफाइड फ्लाइंग ऑब्जेक्ट' यानी कोई ऐसी उड़ने वाली वस्तु जिसकी पहचान तय नहीं है. यह कहां से आया और कहां गया इसके बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होती. अचानक आसमान में एक उड़ती हुई वस्तु नजर आती है, जिसे लोग यूएफओ कहते हैं लेकिन वह वस्तु असल में क्या है यह किसी को मालूम नहीं होता. हालांकि इस पर गांव की गलियों से लेकर टीवी चैनलों तक पर खूब बहस और चर्चा होती रही है. कई बार तो इसे जासूसी गतिविधियों से भी जोड़ा गया है. जांच अधिकारियों को करीब 300 घटनाओं के लिए सफाई मिल चुकी है. कई मामलों में इन अज्ञात वस्तुओं की पहचान बाद में गुब्बारे, पक्षी, विमान, ड्रोन या सैटेलाइट के तौर पर हुई.

हालांकि इसमें सैकड़ों मामलों में अब भी यह पता नहीं चल पाया है कि वह उड़ती हुई चीज आखिर क्या थी? इसे लेकर रिपोर्ट के लेखकों का कहना है कि ऐसा अक्सर इसलिए होता है क्योंकि ठोस नतीजा निकालने के लिए उनके पास पर्याप्त जानकारी नहीं होती है. हालांकि इस रिपोर्ट से एलियंस के अस्तित्व पर किसी भी बहस को सुलझाने की संभावना नहीं है, लेकिन रिपोर्ट इस विषय में लोगों की बढ़ती दिलचस्पी और कुछ जवाब देने के अमेरिकी सरकार की कोशिशों को दिखाती है. हालांकि इसकी स्टडी प्रमुख तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा या हवाई सुरक्षा के लिए संभावित खतरों पर केंद्रित रही है, न कि वैज्ञानिक पहलुओं पर. यही वजह है कि यूएफओ और एलियंस को लेकर मौजूद सवालों के वैज्ञानिक जवाब नहीं मिल पाए हैं.

## व्यंग्य

**शरद तैलंग**

# बहुत चीजें, हैं खाने के लिए

आम भारतीयों को चाहे कुछ और हो न हो खाने पीने या पीने खाने का शौक अवश्य होता है। किसी के विवाह का निमंत्रण मिला नहीं कि सबसे पहले नजर इस बात पर जाती है कि प्रीतिभोज कब और कहां है। विवाह के आशीर्वाद समारोह में दूल्हा दुल्हन प्रतीक्षा करते रहते हैं कि आप आएं और उनको आशीर्वाद दें परन्तु आप पकवान और मिष्ठान्नों का सेवन करके उनके पिताजी को लिफाफा स्वरूप आशीर्वाद दे कर अपना रास्ता नाप लेते हैं. एक शायर ने कहा है बल्कि वो शायर और कोई नहीं मैंने ही कहा हैं कि ' तुम मुबारकबाद दिल से दो या न दो गम नहीं, खाओ दावत दो लिफाफा ये बचा व्यवहार है'. मान लीजिए यदि निमंत्रण पत्र में प्रीतिभोज का उल्लेख न हो सिर्फ आशीर्वाद देने के लिए ही बुलाया हो तो चन्द इने गिने लोग ही उसमें शरीक होंगे और बाद में बाकी लोग क्षमा याचना उन्हीं कुछ घिसे पिटे पुराने बहानों को लेकर करते मिल जाएंगे जैसे 'अरे यार एकाएक तबियत खराब हो गई थी' या 'बाहर चला गया था' अथवा 'घर पर उसी समय मेहमान आ गए थे' आदि । इसी शौक के कारण संभवत: हमारी संस्कृति में मनुष्य के जन्म लेने से उसके मरने तक अनेक अवसरों पर चाहे उसका जन्म हो या जन्मदिन हो सगाई हो या शादी हो नौकरी हो या सेवा निवृत्ति या मृत्यु हो अथवा और भी बहुत से मौकों पर खाने पीने की परम्परा का प्रावधान रखा गया है।

यह बात भी उल्लेखनीय है कि बहुत से लोगों को खाने पीने की चीजों के अतिरिक्त और भी बहुत कुछ खाने का शौक होता है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण है 'रिश्वत'। हालांकि सार्वजनिक स्थल पर इसके खाने पर रोक है किन्तु अत्यन्त स्वादिष्ट होने के कारण कुछ लोग इसको खाए बिना नहीं रह पाते और सार्वजनिक स्थल की जगह सार्वजनिक विभागों में खा लेते हैं। यदा कदा ही इसको खाने के पश्चात कुछ गड़बड़ी की शिकायत पाई गई है वरन इसको खाने के बाद नींद बहुत अच्छी आती है। जिन लोगों की बेटियां विवाह योग्य होतीं हैं वे लोग इसको खाना बहुत पसंद करते हैं।

इसके अलावा लोग 'जूते' तथा 'चप्पलें' भी खाते हैं. एक ओर जहां जूते पुरूष वर्ग की ओर से खिलाए जाने पर जायकेदार होते हैं वहीं दूसरी ओर चप्पलें महिलाओं के हाथ की स्वादिष्ट होतीं हैं। इनकी उपलब्धता भी बहुत आसान है तथा जजमान की जब इच्छा हो थोड़े से प्रयास से इन्हें खाया जा सकता है. इसी श्रेणी में 'पिटाई' या 'मार' खाने का भी अपना अलग ही महत्व है। पुलिस विभाग द्वारा यह चीज, बडे, आवभगत के साथ लोगों को परोसी जाती है। चोर बदमाश तथा असामाजिक तत्वों को यह खिलाने में उन्हे बहुत आनंद आता है। इनका स्वाद भी लोगों को वर्षों तक याद रहता है। कुछ लोग दूसरों का 'दिमाग' खाने के शौकीन होते हैं।आप इन्हें चाहे कितना भी मना करें उनको आप के दिमाग में इतना अधिक स्वाद मिलता है कि वे इसे खाते ही रहते है।अनेक अवसरों कुछ जोर जबरदस्ती करने के बाद ही वे इसे खाना बंद करते हैं। 'धूल' खाना भी अक्सर देखा गया है। इसकी विशेषता यह है कि चाहे जड़ हो या चेतन दोनों इसे खाते रहते हैं।

## कहानी

**जयश्री जाजू**

# वो लड़की

मैं छत पर बैठी थी, सर्दियों की गुनगुनाती धूप में अचानक मेरी नज़र उस अकेली बैठी लड़की पर गई; आश्चर्य इसलिए हो रहा था क्योंकि कुछ लडकियाँ वहाँ पर हँसी मजाक में तल्लीन थी. यह लड़की अकेली गुमसुम निर्विकार किसी से कोई सरोकार नहीं ; चुपचाप बैठी थी उस लड़की में मेरी जिज्ञासा बढ़ी मैं छत से नीचे उतर आई. चाय बनाकर चुस्कियाँ लेने लगी. दिमाग में उसी लड़की की छवि घूम रही थी. मैं उसे झटक देना चाहती थी किन्तु वह मुझपर हावी होती जा रही थी.

खैर समय सरक रहा था.हमेशा की भांति, तैयार होकर बाजार में सामान खरीदने गई. घर का थोडा सामान लिया. दो घंटे कैसे गुजरे पता ही नहीं चला, इन दो घंटों में उस लड़की का याद न आना मुझे चकित कर गया. सच में इंसान कितनी जल्दी चीजों को भूल जाता है. मुझे याद आता है वो दिन जब पिताजी का देहांत हुआ और हम चीख-चीख कर रो रहे थे ये क्या बिलकुल तीन चार दिन के बाद माहौल हलका फुल्का होने लगा. मैं सोचती हूँ यदि ईश्वर इंसान को विस्मृति न देता तो इंसान दुखों को कहाँ तक ढोता फिरता क्या आज मैं उस लड़की को फिर से देख रही हूँ ठीक वैसे ही अकेली आज वह बाजार में कुछ खरीद रही थी या देख रही थी,पता नहीं मैंने अपनी जरुरत का सामान लिया और रिक्शा को आवाज देने लगी ये क्या वह भी बिलकुल मेरे समीप आ गई और कहने लगी "क्या मैं भी आपके साथ आ सकती हूँ."

मैंने कहा "हाँ मुझे कोई आपत्ति नहीं, लेकिन क्या तुम मुझे जानती हो उसने कहा "हाँ, आप हमारे मोहल्ले में तो रहती है"मैंने रिक्शा किया उसे बिठाया और रिक्शे वाले को पता बताकर मैं भी बैठ गई मेरे मन में प्रश्न घूम रहा था और मैंने पूछ ही लिया - "मैंने तो तुम्हे छत से एक बार ही देखा था,लेकिन तुम मुझे कैसे जानती हो" उसने कहा "मैं मेरे कमरे की खिड़की से आपको रोज देखती हूँ. मैंने पूछा " अच्छा वो जो लड़कियाँ खेलती रहती है तुम्हारी बहने हैं. उसने संक्षिप्त उत्तर दिया "नहीं" मैंने पूछा "तुम्हारी इच्छा नहीं होती उनके साथ खेलने की"उसने कहा "होती है लेकिन वह चुप हो गई.आगे उसने कोई बात नहीं की हमारा मोहल्ला आ गया. हम अपने - अपने घर चले गए. मैंने शाम का काम निबटाया खाना खाकर मई अपनी आदत के अनुसार पुस्तक पढ़ने बैठ गई. जब सोने का समय हुआ तो सोने चली गई. सुबह उठकर रोज का काम निबटाकर कॉलेज चली गई. अपने व्याख्यान देकर दो बजे तक घर आ गई. रोज की तरह भोजन कर आराम कर शाम को बाजार चली गई. सामान खरीदा, रिक्शा किया और रिक्शे के पास उस लड़की का मिलना और रिक्शे में बैठ जान आश्चर्य कर गया. खैर उस दिन मैंने उसका नाम नहीं पूछा था.

आज सबसे पहले मैंने उसका नाम पूछा उसने अपना ना" शीतल' बताया. आज मैंने उसमे कुछ बदलाव देखा मैं उससे बात करने की कोशिश कर रही थी, किन्तु वह अनजान बन रही थी. बस हर बात पर हाँ,हूँ कर रही थी. आखिरकार मैंने उसकी पढ़ाई पर बात छेड़ दी

"कौनसी कक्षा में पढ़ती हो मैंने देखा उसकी आँखों में पानी भर आया.उसने कोई जवाब नहीं दिया. आज मैंने उसे अपने घर चलने का आग्रह किया तो बिना झिझक उसने स्वीकार कर लिया. घर आकर वह बिना झिझक मेरे कामों में हाथ बटाने लगी सच में अकेलेपन से ऊबी हुई मैं, मुझे यह साथ अच्छा लगा हम दोनों ने चाय पी, चाय के साथ थोडा स्नेक्स खाया और गपशप करने लगे

वह मेरे घर के सामने मि. मेहता के घर में रहती है. वह एक गाँव की लड़की है और मेहता के घर में में आ गई. मेहता के दूर के रिश्तेदार की यह लड़की मेहता के फैशन परस्त संयुक्त परिवार से मेल नहीं खा प् रही थी.जब भी मैंने उसे देखा अकेले देखा. मेहता के घर में उसकी उम्र के बहुत से बच्चे थे किन्तु इस लड़की के जोड़ का कोई न था या वे बच्चे इसे अपने जोड़ का न समझ पाते थे.

# मदरसा शिक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय

*कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना*

हाल ही में एक ऐतिहासिक निर्णय में, सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, जिससे कानून के शासन के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को बल मिला। इस निर्णय ने न केवल इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस पहले के निर्णय को खारिज कर दिया, जिसमें अधिनियम को निरस्त कर दिया गया था, बल्कि शिक्षा को विनियमित करने के राज्य के अधिकार के साथ धार्मिक स्वतंत्रता को संतुलित करने में न्यायपालिका की भूमिका की पुष्टि करते हुए एक मिसाल भी कायम की। यह निर्णय भारत के धर्मनिरपेक्ष ढांचे का प्रमाण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी शैक्षणिक संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने वाले मानकों के तहत काम करें। इस निर्णय का मूल कानूनी शासन पर जोर देने में निहित है, जो मुस्लिम समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आश्वस्त करता है कि उनके धार्मिक अधिकार संविधान के तहत संरक्षित हैं। साथ ही, यह नागरिकों को याद दिलाता है कि शैक्षिक मानकों को तेजी से परस्पर जुड़ी और प्रतिस्पर्धी दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। यह निर्णय इस बात पर प्रकाश डालता है कि राज्य सरकारों को धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के संबंध में नियम बनाने का अधिकार है, बशर्ते वे संवैधानिक सिद्धांतों का पालन करें, जिसका उद्देश्य छात्रों को एक संतुलित शिक्षा प्रदान करना है जो उन्हें विविध कैरियर पथों के लिए तैयार करती है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में 2004 के अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने के बाद आया है, जिसमें निर्देश दिया गया था कि मदरसों के छात्रों को नियमित स्कूलों में दाखिला दिया जाए। उच्च न्यायालय के फैसले ने विभिन्न समुदाय के नेताओं, राजनीतिक हस्तियों और धार्मिक मौलवियों की प्रतिक्रियाओं की लहर पैदा कर दी, जिनमें से कुछ ने इस निर्णय की निंदा धार्मिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में की। हालाँकि, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने अब इस तरह के संदेह को समाप्त कर दिया है, यह रेखांकित करते हुए कि शैक्षिक मानकों को विनियमित करने की राज्य की शक्ति में मदरसे और अन्य धार्मिक संस्थान शामिल हैं। इस फैसले को मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में देखा जाना चाहिए, जो धार्मिक या राजनीतिक हस्तियों द्वारा दिए जाने वाले भड़काऊ बयानों पर प्रतिक्रिया देने के बजाय भारत की न्यायिक प्रणाली पर भरोसा करने के महत्व पर चिंतन करने के लिए प्रेरित करता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के प्रारंभिक निर्णय पर कुछ नेताओं और मौलवियों की प्रतिक्रियाएँ भावनाओं से प्रेरित थीं, जिसमें न्यायपालिका की मंशा पर सवाल उठाने वाले विरोध प्रदर्शन शामिल थे। मुसलमानों के लिए यह समझना आवश्यक है कि इस तरह की बयानबाजी के आगे झुकना अक्सर समुदाय के वास्तविक हितों को संबोधित करने के बजाय कुछ नेताओं और हस्तियों की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करता है। हाल के वर्षों में, हमने ऐसी स्थितियाँ देखी हैं जहाँ प्रभावशाली व्यक्तियों के भावनात्मक रूप से आवेशित बयानों ने सार्वजनिक असंतोष को भड़काया है, जिससे अक्सर रचनात्मक समाधानों पर ध्यान केंद्रित नहीं हो पाता है। छात्रों की शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने या समुदाय के विकास का समर्थन करने के बजाय, इन प्रतिक्रियाओं ने कभी-कभी ध्रुवीकरण को जन्म दिया है। मुस्लिम समुदाय को सतर्क रहना चाहिए, ऐसे बयानों का गंभीरता से विश्लेषण करना चाहिए और यह पहचानना चाहिए कि वे शिक्षा और सशक्तिकरण पर सार्थक चर्चाओं से ध्यान भटका सकते हैं। केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की चाह रखने वालों का अनुसरण करने के बजाय, समुदाय इस बात पर रचनात्मक संवाद में योगदान दे सकता है.

रेशम फातिमा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय.

## आलेख

**रवीन्द्र अग्निहोत्री**

# हमारी अंग्रेज़ी!



हाल ही में देश में अंग्रेजी से संबंधित एक अभूतपूर्व घटना घटी. वैसे तो हमारे देश में जो भी घटना घटती है वह अभूतपूर्व ही होती है. संसद और विधान सभाएं तो ऐसी घटनाओं के लिए "दुर्घटना संभावित क्षेत्र "जैसी ख्याति अर्जित कर चुकी हैं. लिम्का बुक वाले चाहें तो उन्हें अपने रिकार्ड के लिए वहां भरपूर सामग्री मिल सकती है. यहाँ जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है, वह एक नहीं, कई दृष्टियों से अभूतपूर्व है. हुआ यह कि एक अंतर-मंत्रालयी बैठक में हमारे वित्त मंत्री चिदंबरम साहब ने शहरी विकास सचिव सुधीर कृष्ण को झिड़कते हुए कहा कि आपकी अंग्रेजी मेरी समझ में नहीं आती. आप हिंदी में बोलिए जिसका अनुवाद करके मेरे अधिकारी मुझे अंग्रेजी में समझा देंगे. सुधीर कृष्ण एम एस-सी (फिजिक्स) हैं, एम ए (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) हैं, पी-एच डी हैं. दूसरे शब्दों में, उनके पास भारतीय विश्वविद्यालयों की दी हुई ऐसी कई अधिस्नातक डिग्रियां हैं जो बिना अंग्रेजी के नहीं मिलतीं. वे आई ए एस हैं जो अत्यंत प्रतिष्ठित नौकरी मानी जाती है.आज तो आई ए एस की परीक्षा और साक्षात्कार भारतीय भाषाओं में देने की अनुमति मिल गई है, पर 1977 में जब वे आई ए एस बने, तब यह अनुमति नहीं थी. तब साक्षात्कार केवल अंग्रेजी में होता था. श्री सुधीर कृष्ण मूलरूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, पर आई ए एस की नौकरी में कर्नाटक कैडर में रहे. अतः उन्होंने कन्नड़ भाषा भी सीखी. इससे पता चलता है कि भाषा सीखने में वे पीछे नहीं रहे. अन्य आई ए एस अफसरों की तरह उन्होंने भी विभिन्न पदों पर काम किया, क्रमशः पदोन्नत होते हुए सचिव स्तर तक पहुंचे और अब जून में रिटायर होने वाले हैं. इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए यह माना जा सकता है कि शिक्षा के दौरान ही नहीं, आई ए एस में प्रवेश से लेकर पदोन्नति के हर सोपान पर उन्होंने अंग्रेजी की बाधा पार की, इसके बावजूद अगर उनकी अंग्रेजी कमजोर है तो क्या इससे यह बात प्रमाणित नहीं होती कि विदेशी भाषा कितनी भी पढ़ ली जाए, उस पर अधिकार नहीं हो सकता ?

चिदंबरम साहब की गिनती हमारी वर्तमान सरकार के "सुशिक्षित "लोगों में होती है. कुछ लोग कहते हैं कि उनकी शिक्षा-दीक्षा हारवर्ड (अमरीका) में हुई, शायद इसीलिए उनकी अंग्रेजी भी अलग तरह की होगी. बात गलत तो नहीं है, पर पूरी तरह सच भी नहीं है, क्योंकि उनकी स्कूली और यूनिवर्सिटी शिक्षा तो तमिलनाडु में हुई, एम बी ए उन्होंने हारवर्ड से किया. अतः यह बिलकुल संभव है कि प्रबंधन के गुर सीखने के साथ उनकी अंग्रेजी भी सुधर गई हो. पर हर आदमी तो हारवर्ड नहीं जा सकता.

तो बात हो रही थी चिदंबरम साहब की झिड़की की. बात झिड़की पर खत्म नहीं हुई, बल्कि वहां से शुरू हुई. सचिव महोदय चिदंबरम से तो शिष्टाचारवश कुछ कह नहीं पाए, पर शांत भी नहीं बैठे. बात दूसरे सचिवों की उपस्थिति में कही गई थी. अतः उनके आत्मसम्मान को कुछ ज्यादा ही ठेस लगी. उन्होंने अपने मंत्री कमलनाथ को पत्र लिखा जिसमें चिदंबरम के दुर्व्यवहार की शिकायत करके अपनी भड़ास निकाली. पहले का कोई उदाहरण याद नहीं आता जब किसी अफसर ने सरकार के दिग्गज मंत्री की शिकायत की हो और वह भी लिखकर.


पर शायद वे जानते थे कि जिससे शिकायत कर रहा हूँ, वह कुछ कर नहीं पाएगा . अतः उन्होंने उसी पत्र में यह अनुरोध किया कि समुचित कार्रवाई के लिए यह बात प्रधानमंत्री जी के संज्ञान में लाई जाए. उन्होंने "समुचित कार्रवाई "के लिए प्रधानमंत्री जी पर भरोसा कैसे कर लिया, यह तो वे ही जानें, पर उनके मंत्री महोदय ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए यह शिकायत प्रधानमंत्री जी के पास भेज दी. अब यह तो पता नहीं कि "मेरी खामोशी अच्छी "कहने वाले प्रधानमंत्री जी ने इस पर कोई संज्ञान लिया या नहीं, अगर लिया तो क्या किया, पर जैसा अक्सर होता आया है कि सरकार की गोपनीय बातें जनता से गोपनीय नहीं रहतीं, सो यह चिट्ठी किसी तरह मीडिया में आ गई और चर्चा का विषय बन गई. अंग्रेजी समाचारपत्रों ने आई ए एस अफसरों को "बाबू"लिखा तो अफसर बिगड़ गए कि हम बाबू नहीं, अफसर हैं ; पर किसी अफसर ने अफसरी दिखाते हुए न तो बैठक में चिदंबरम साहब से कुछ कहने का साहस किया.

शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग (सेक्स समस्या) पर सफल इलाज

पैनल्स ऑफ डॉक्टर्स




सीताबर्डी टेम्पल बाजार स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग एवं सेक्स संबंधित सभी समस्याओं पर प्रभावकारी एवं सफल इलाज किया जाता है। रोज की जिंदगी में यौन समस्याएं जैसे शीघ्रपतन बांझपन इत्यादि, के कारण सामाजिक एवं वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना तथा वैवाहिक कलह, मनमुटाव आदी का भी सामना करना पडता है। अतः इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होना आवश्यक है। रोज की भागदौड़ के जीवन में टेंशन, अनिद्रा इनक्षकारणों तथा खानपान में पोषक तत्वों के अभाव या असमय खाना पीना इन कारणों से यह समस्या उत्पन्न होती है। इसका इलाज समोपचार औषधी चिकित्सा से संभव है। महाशक्ति कवच, रे-टोन सिरप, कप नाईट पावर इन दवाओं से इन समस्याओं का समाधान आयुर्वेदिक एजेंसी सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड नागपुर में सफलतापूर्वक किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए 9112079000 / 8605245080 फोन पर संपर्क करे और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान पाकर खुशहाल जीवन व्यतीत करे.



शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में 9112079000 / 8605245080 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# पवन कल्याण के नाम पर बनेगा 'कल्याण मंडपम' : सुधीर मुनगंटीवार





## > स्टार प्रचारक को देखने हजारों की भीड़

**बल्लारपुर, सुनील तायडे**

पवन कल्याण ने कहा कि , मैं बल्लारपुर का विकास देखकर आश्चर्यचकित रह गया, जहां बल्लारपुर के सागौन ने अयोध्या में राम मंदिर के हर कोने को सुगंधित किया। तो जिस तरह 'बाहुबली' फिल्म में बाहुबली ने राजमाता शिवगामी के कदम नहीं रोके, आप भी सुधीर भाऊ के नेतृत्व में विकास के कदम न रोकें. आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण ने बल्लारपुर के 'शक्तिशाली' विकास के लिए सुधीर भाऊ को अभूतपूर्व अंतर से जिताने का आग्रह किया।

बल्लारपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा-महायुति के आधिकारिक उम्मीदवार सुधीर मुनगंटीवार के प्रचार हेतु पवन कल्याण द्वारा एक सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया था। इस सभा में हजारों लोग शामिल हुए. जैसे-जैसे पवन कल्याण का भाषण आगे बढ़ा, हर वाक्य पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। इसलिए बल्लारपुरकरों को एक अभूतपूर्व भाषण का अनुभव हुआ.

पवन कल्याण ने कहा कि, 'सुधीर मुनगंटीवार के विकास की दृष्टि से बल्लारपुर की यात्रा सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ रही है. चाहे एसडीओ कार्यालय हो या तहसील कार्यालय या फिर एयरपोर्ट की तरह बस स्टैंड का निर्माण। चाहे यहां के आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना हो या जातिगत भेदभाव के बिना समाज के हर वर्ग की सेवा करना हो। सुधीर भाऊ ने हर क्षेत्र में काम किया. इसलिए उनके द्वारा किए गए काम को याद रखें और 20 नवंबर को कमल के निशान पर बटन दबाएं और उन्हें भारी मतों से जिताएं।' सुधीर भाऊ ने चंद्रपुर संसदीय क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र लाकर बहुत अच्छा काम किया है. ऐसे केंद्र भारत को आर्थिक महाशक्ति बनने और महाराष्ट्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में बहुत बड़ा योगदान देंगे। पवन कल्याण ने कहा कि सुधीर भाऊ ने महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाया है. उन्होंने मुनगंटीवार के योगदान की सराहना की.

**तेलुगु के साथ-साथ मराठी में भी भाषण**

पवन कल्याण ने तेलुगु के साथ-साथ मराठी में भी बात की। शुरुआत में उन्होंने 'जय भवानी जय शिवाजी जय महाराष्ट्र' का नारा लगाया. खुद उन्होंने मराठी में बाला साहेब ठाकरे की स्मृति को भी सलाम किया. 'मैं मराठी सीखने की कोशिश कर रहा हूं। यदि मुझसे मराठी बोलने में कोई गलती हो जाए तो कृपया मुझे क्षमा करें। मुझे खुशी है कि मैं इस महाराष्ट्र में प्रचार के लिए आ सका, जहां पांडुरंग वारी की परंपरा है,'' उन्होंने ऐसी अपनी भावनाएं भी व्यक्त कीं.

**पवन कल्याण के नाम पर बनेगा 'कल्याण मंडपम' : मुनगंटीवार**

बल्लारपुर के तेलुगु भाइयों ने देश की सेवा की। मैं तेलुगु भाइयों के कल्याण के लिए तेलुगु साहित्य अकादमी की स्थापना करने में भी सक्षम हुआ। मंदिर बन सकता है. एक सामाजिक भवन का निर्माण हो सकता है। तेलुगु बंधुओं के संगठन के लिए बहुत काम किया और आगे भी करता रहूंगा. अब यह घोषणा की गई है कि पवन कल्याण के नाम पर बल्लारपुर में 'कल्याण मंडपम' स्थापित किया जाएगा। साथ ही पवन कल्याण के आगमन और हजारों की संख्या में सभा में आये तेलुगु समाज के आशीर्वाद से मुझे भी लगा कि मेरी जीत सुनिश्चित है.

**बल्लारपुर विधानसभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध**

बल्लारपुर के लिए तहसील कार्यालय, एसडीओ, ग्रामीण अस्पताल, नगर परिषद भवन का निर्माण. बस स्टैंड, सैनिक स्कूल, स्टेडियम, स्वीमिंग सेंटर, थिएटर हाउस, डिजिटल स्कूल बनाये गये। खुद सुषमा स्वराज कौशल केंद्र बनाया। इस बात की कोई गारंटी है कि वह बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# ट्रेन में मिली शराब, 3 गिरफ्तार

## > आरोपियों में युवती का समावेश

**बल्लारपुर.**



ट्रेन से शराब की तस्करी कर रहे एक युवती समेत 3 आरोपियों को बल्लारशाह आरपीएफ ने गिरफ्तार कर उनके पास से 52 हजार 150 रुपये कीमत की शराब जब्त की है. पुलिस ने यह कार्रवाई रात 11.30 बजे बल्लारशाह स्टेशन के प्लेटफार्म क्रं. 3 पर की है.

रात 11.30 बजे सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन 07052 प्लेटफार्म 3 पर पहुंची तो 3 लोग नायलान थैले और दो ट्राली बैग लेकर कोच में चढ़ रहे थे. उनसे पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया तो उपस्थित आरपीएफ स्टॉफ ने बैग और थेले की तलाशी ली. तलाशी के दोरान 52 हजार 150 रुपये कीमत की अवैध शराब बरामद हुई. पुलिस ने महाराणा प्रताप वार्ड निवासी यशवंत राजु अडलकोंडावार (24), मौलाना आजाद वार्ड निवासी निरंजन महेंद्र यादव (27) और शिवनगर वार्ड निवासी सुफियाना इकबाल शेख (18) को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 65 (ए)(ई) और 66 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच जीआरपी पुलिस कर रही है.

# विधायक किशोर जोरग़ेवार को भारी बहुमत से जिताएं : उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण

**चंद्रपुर.**

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्टार प्रचारक पवन कल्याण चंद्रपुर के प्रचार दौरे पर थे। इस मौके पर उन्होंने रोड शो के जरिए चंद्रपुरकर से विधायक किशोर जोरगेवार को भारी बहुमत से जिताने की अपील की. इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार, भाजपा विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कडू, अजय जयसवाल, रघुवीर अहीर सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे. उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की रैली शहर के बागला चौक पर साढ़े तीन बजे शुरू हुई. इस अवसर पर पावर स्टार पवन कल्याण को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर पवन कल्याण ने सभी का अभिनंदन किया और विधायक किशोर जोरगेवार के समर्थन में वोट मांगे. इससे पहले पवन कल्याण के मोरवा हवाईअड्डे पर पहुंचने पर विधायक किशोर



जोरगेवार ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया.

**रोड शो में नागरिकों की भीड़**

बागला चौक से शुरू हुए रोड शो में बड़ी संख्या में चंद्रपुरकर समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बाइक रैली के जरिए रोड शो में युवाओं ने हिस्सा लिया तो महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# ट्रेन की चपेट में सांबर की मौत

## > लगातार हो रही है वन्यजीवों की मौतें

**चंद्रपुर.**



बल्लारशाह, चांदाफोर्ट होकर गोंदिया की ओर जानेवाली रेल लाईन पर लगातार वन्यजीवों के ट्रेन के चपेट में आने से मौत की घटनाएं हो रही है.

गोंदिया-चांदाफोर्ट रेल मार्ग पर तलोधी बालापुर वनपरिक्षेत्र अंतर्गत गंगासागर हेटी बिट के डोर्ली रिट नहर पोल संख्या 1151 के 13 समीप 14 नवंबर की रात 10 बजे ब्रम्हपुरी की ओर से बल्लारशाह की ओर से आ रही मालगाडी की टक्कर में एक 7 से 8 वर्षीय नर सांबर के मृत्यु की घटना शुक्रवार की सुबह सामने आई है. इस घटना के साथ ही पखवाडे भर में दूसरी घटना सामने आई है.

गोंदिया बल्लारशाह रेल मार्ग पर ट्रेनों की टक्कर में जंगली जानवरों के मृत्यु की घटना आम हो गई है. कुछ दिनों पूर्व 2 नवंबर को गंगासागर हेटी बिट के कक्ष क्रं. 97 से सटे चांदाफोर्ट-ब्रम्हपुरी मार्ग पर 2 नवंबर को ट्रेन की टक्कर में लगभग 3 वर्ष के मादा जंगली भैंसे की मृत्यु हो गयी थी. इसके पूर्व 31 जुलाई को परिसर के गंगासाहगर हेटी बिट के 97-98 के कम्पार्टमेंट लाइन पर नागभीड-चांदाफोर्ट रेल मार्ग पर आलेवाही के पास मालगाडी संख्या एन/बाक्स की टक्कर में जंगली भैंसे की मृत्यु हो गयी. इसी मार्ग पर मिंडाला बिट में नागभीड वनपरिक्षेत्र में एक बाघ उसी सप्ताह मूल के पास एक भालू, अजुनी मोरगांव में एक भालू और कुछ दिनों पूर्व घटनास्थल से कुछ मीटर की दूरी पर ट्रेन की टक्कर में 5 चीतल की मृत्यु हो गयी थी. इस प्रकार ट्रेन की टक्कर में जंगली जानवरों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। इसकी रोकथाम के लिए रेलवे विभाग और शासन को उपाय योजना करने की आवश्यकता है.

घटना की सूचना मिलते ही तलोधी बालापुर वनपरिक्षेत्र अधिकारी अरुप कन्नमवार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा किया. मृत सांबर की आयु 7 से 8 वर्ष बतायी है. सिंदेवाही पशुसंवर्धन विकास अधिकारी शालिनी लोंढे ने मौके पर पंचनामा कर सांबर को जमीन में दफना दिया गया.

इस अवसर पर क्षेत्र सहायक अरुप कन्नमवार, आर.एस. गायकवाड, वनरक्षक राजेंद्र भरणे, स्वाब संस्थाध्यक्ष यश कायरकर, नितीन भेंडाले, शुभम निकेशर, गौरव निकुरे, पीआरटी सदस्य और वन मजदूर मौजूद थे.

# किसान का दर्द बयां करने वाले वामनराव चटप को चुनें

## > गढ़चांदूर में पूर्व मंत्री बच्चू कडू की जनता से अपील > भाजपा और कांग्रेस पर जमकर बरसे

**राजुरा.**



कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों ने सत्ता में रहते हुए राज्य में आम लोगों की प्रमुख समस्याओं का समाधान नहीं किया, इसके विपरीत, उन्होंने लोगों को जितना हो सके लूटा। इन दोनों पार्टियों ने किसानों, खेत मजदूरों, कामगारों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं, विकलांगों पर अत्याचार किया, अब मौका है इन सभी से बदला लेने का और राज्य की समस्याओं का समाधान कर महाराष्ट्र में परिवर्तनकारी सरकार लाने का ऐसा भावनीक आवाहन पूर्व मंत्री और प्रहार संगठन के अध्यक्ष बच्चू कडू ने वामनराव चटप को जिताने की अपील के साथ किया.

पूर्व मंत्री बच्चू कडू कोरपना तालुका के गडचांदूर में स्वतंत्र भारत पार्टी के उम्मीदवार एडवोकेट वामनराव चटप की भव्य प्रचार रैली में भाजपा और काँग्रेस के खिलाफ कडवे बोल रहे मतदारोको लुभा रहे थे. वामनराव चटप ने कहा कि जनता को राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन लाने के लिए परिवर्तन महाशक्ति को वोट देना चाहिए। इस मौके पर प्रत्याशी एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सलाहकार साईनाथ पिम्पलशेंडे द्वारा संचालन और दीपक चटप और सतीश बिडकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सभा के बाद शहर में एक भव्य रैली निकाली गई.

# हंसराज अहीर की घुग्गुस में पदयात्रा

## > विधायक किशोर जोरगेवार को घुग्गुस में जनता का भारी समर्थन

**चंद्रपुर.**

विधायक किशोर जोरगेवार ने घुग्घूस में प्रचार कर मतदाताओं के घर तक पहुंचने की कोशिश की. इस मौके पर पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर प्रमुख रूप से मौजूद रहे. हंसराज अहीर ने घुग्गुस के नागरिकों से विधायक किशोर जोरगेवार को भारी बहुमत से चुनने की अपील की. महायुति के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने विधायक किशोर जोरगेवार के अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है और शहर में विभिन्न स्थानों पर उनकी ओर से प्रचार कर रहे हैं. वे पदयात्रा और बैठकों के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं और विधायक किशोर जोरगेवार को जिताने का आग्रह कर रहे हैं।



इस बीच, विधायक किशोर जोरगेवार और हंसराज अहीर ने कल घुग्गुस में प्रभावी प्रचार किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं घुग्घुसवासी भी उपस्थित थे।

जुलूस शाम 7 बजे घुग्घुस शहर के तिलक नगर से शुरू हुआ। बाद में दशहरा मैदान, जे.जे. आईटीआई, वराडे अस्पताल, जामा मस्जिद, घुघूस पुलिस स्टेशन, एस.सी.सी. रोड, मिर्च मार्केट, फटाका कॉर्नर, पंचशील चौक होते हुए मार्च नगर परिषद के जल विभाग पहुंचा। इस अवसर पर घुग्घुसवासियों ने अपनी भावनाएं भाजपा के जोरगेवार समर्थन में व्यक्त की.



# त्रिकोणीय संघर्ष के बीच बागियों ने बढ़ाया सिरदर्द

> भिवंडी पश्चिम सीट पर 10 साल से बीजेपी का राज

**मुंबई.** मुस्लिम बहुल आबादी वाले भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पिछले 10 साल से बीजेपी का उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए है। 2014 से ही यह निर्वाचन क्षेत्र बीजेपी के कब्जे में है। महायुति से बीजेपी ने इस बार भी महेश चौगुले को तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि एमवीए से कांग्रेस ने ठाणे जिला ग्रामीण अध्यक्ष दयानंद चोरघे को उम्मीदवारी दी है। भिवंडी पश्चिम में त्रिकोणीय मुकाबला होने की



पूरी संभावना है क्योंकि एमवीए के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी ने भी रियाज़ आज़मी को टिकट दिया है। एआईएमआईएम ने भी पूर्व विधायक वारिस पठान को उम्मीदवारी दी है। उधर, कांग्रेस से नाराज होकर पूर्व महापौर विलास पाटील भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनौती दे रहे हैं। इससे चोरघे को भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि इस सीट से बीजेपी के महेश चौगुले लगातार दो बार विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने इस मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्र में चोरघे को उम्मीदवारी दी है, जिससे यहां के स्थानीय हिंदू-मुस्लिम तबके के नेताओं ने नाराज़गी जताई है।

ऐसे में कांग्रेस से पूर्व महापौर विलास पाटील भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अधिकृत उम्मीदवार दयानंद चोरघे की परेशानी बढ़ा रहे हैं। हालांकि जैसे-जैसे कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार के लिए भिवंडी आ रहे हैं, वैसे-वैसे कांग्रेसी चोरघे के साथ जुड़ते जा रहे हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी यहां से मुंबई के पूर्व विधायक वारिस पठान को उम्मीदवारी दी है। यहां के मतदाताओं में अच्छी पकड़ रखने वाले मोहम्मद खालिद शेख गुड्डु फिलहाल जेल में हैं। उन्होंने भी नामांकन पत्र दाखिल किया था, लेकिन किसी कारणवश उन्होंने अपना पर्चा वापस ले लिया। उनकी अनुपस्थिति में यहां का मुस्लिम मतदाता एआईएमआईएम का कितना साथ देगा, यह तो चुनाव नतीजे के बाद ही पता चल सकेगा।

### मुस्लिम मतदाता भारी संख्या में

**कांग्रेस के उम्मीदवार चोरघे को समाजवादी पार्टी के रियाज़ आज़मी के कारण जहां मुस्लिम वोटों से वंचित होना पड़ सकता है, तो वहीं निर्दलीय उम्मीदवार विलास पाटील के कारण स्थानीय मराठी वोटों का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता भारी संख्या में हैं। हालांकि एआईएमआईएम यहां मुस्लिम वोटों का सीधा बंटवारा करने जा रही है। मुस्लिम वोटों का यह बंटवारा एमवीए के लिए सिरदर्द बन सकता है।**

## अचानक दिल्ली रवाना हुए शाह

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का प्रचार आखिरी दौर में है। एक तरफ जहां सभी दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं, वहीं भाजपा ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि महाराष्ट्र चुनाव के बीच अचानक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा रद्द कर दिया गया। अमित शाह महाराष्ट्र में चार चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने वाले थे, लेकिन अचानक से उनकी चारों सभाओं को कैंसिल कर दिया गया। सभी सभाओं को रद्द करके अमित शाह आज दिल्ली रवाना हो गए। भारतीय जनता पार्टी के विदर्भ संगठन मंत्री ने इस बारे में जानकारी दी है। आज रविवार को भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। अमित शाह नागपुर के काटोल और सावनेर सहित गडचिरोली और वर्धा जिले में चार सभाओं में शामिल होने वाले थे।

# 'उद्योगों ने राज्य से किया पलायन

**> एमवीए सरकार में नहीं मिला समर्थन**
**> शिंदे का विपक्ष पर वार**

**मुंबई.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को आरोप लगाया कि पिछली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार की वजह से उद्योगों ने राज्य से पलायन किया था, क्योंकि उन्हें सरकार का समर्थन नहीं मिल रहा था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। गुहागर सीट के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा, अब महाराष्ट्र ने फिर से देश में अपनी शीर्ष स्थिति हासिल कर ली है और राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के कुल प्रवाह का 52 फीसदी मिल रहा है।

शिंदे ने कहा, उद्योगों ने राज्य से इसलिए पलायन किया क्योंकि महा विकास अघाड़ी सरकार ने उन्हें समर्थन नहीं दिया और अब हम पर आरोप लगा रहे हैं। आपने (एमवीए) दो ढाई साल में क्या किया, यह बताओ। मैं बताने के लिए तैयार हूं कि राज्य में कौन से उद्योग



आए और कौन से चल रहे हैं। लोगों को सच बताओ।

शिंदे ने कहा, उद्योगों ने राज्य से इसलिए पलायन किया क्योंकि महा विकास अघाड़ी सरकार ने उन्हें समर्थन नहीं दिया और अब हम पर आरोप लगा रहे हैं। आपने (एमवीए) दो ढाई साल में क्या किया, यह बताओ। मैं बताने के लिए तैयार हूं कि राज्य में कौन से उद्योग आए और कौन से चल रहे हैं। लोगों को सच बताओ। मुख्यमंत्री ने अपने पूर्व वर्ती और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर भी हमला बोला। शिंदे ने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री बनने के लिए बाल ठाकरे के आदर्शों को त्याग दिया था। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उनके तीर-कमान के निशान को बचाया। आप उन लोगों के पास बैठ गए हैं, जिन्होंने बालासाहेब (बाल ठाकरे) का अपमान किया।

**पांच लाख करोड़ का निवेश लेकर आई सरकार**

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि शिवसेना-भाजपा-राकांपा सरकार राज्य में पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश लेकर आई है। विपक्ष का आरोप है कि मौजूदा सरकार के दौरान कई बड़ी निवेश परियोजनाओं को गुजरात भेज दिया गया है। रत्नागिरी जिले में विवादित बारसू रिफाइनरी परियोजना को लेकर शिंदे ने कहा कि यह परियोजना एमवीए सरकार के समय स्वीकृत हुई थी। लेकिन उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इसे बलपूर्व या बिना लोगों की सहमति के लागू नहीं किया जाएगा।

**'25 हजार महिला पुलिसकर्मियों की होगी भर्ती'**

शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार देने वाली सरकार है, न कि लेने वाली। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार में शुरू की गई योजनाओं की जांच कराने के विपक्ष के वादे को चुनौती दी और कहा कि वह इन योजनाओं के लिए जेल जाने के लिए तैयार हैं।

## हथियार देने वाले को फाजिल्का से पकड़ा

**मुंबई.** एनसीपी नेता एवं पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुंबई क्राइम ब्रांच ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन में 24वें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गिरफ्तारी पंजाब के फाजिल्का से हुई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी दत्ता नलावड़े ने इस बात की पुष्टि की। गिरफ्तार आरोपी आकाश गिल साजिश का एक हिस्सा है। इसे अनमोल बिश्नोई सीधे कॉल किया करता था। फिर 'डब्बा कॉलिंग' के माध्यम से आकाश बाकी शूटरों तक अनमोल की बात पहुंचाता था।

# थोरात ने जाहिर की सीएम बनने की ख्वाहिश

**शिरडी.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बालासाहेब थोरात ने दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) स्पष्ट बहुमत हासिल करेगा। साथ ही साथ विधानसभा के वरिष्ठतम सदस्यों में शुमार नेता ने महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने की अपनी इच्छा भी जाहिर की। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 'पीटीआई-भाषा' को दिए विशेष साक्षात्कार में 71 वर्षीय बालासाहेब थोरात ने कहा कि वह एमवीए में राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार के बाद कुछ वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं और गठबंधन के नेताओं के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। इसलिए हम मिलकर अच्छी



सरकार चलाएंगे।

बालासाहब थोराट का यह बयान ऐसे समय आया है, जब सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अगला मुख्यमंत्री घोषित करने का इच्छुक नहीं दिख रहा है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री के बारे में फैसला लिया जाएगा। इससे साफ है कि भाजपा को लगता है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ने से कोई फायदा नहीं होने वाला है। अहिल्यानगर जिले के संगमनेर से आठ बार विधायक रहे थोरात से जब पूछा गया कि क्या वह खुद को विपक्षी गठबंधन का स्वीकार्य चेहरा मानते हैं। इसीलिए उन्होंने कहा सीएम बनने के सवाल पर अपनी इस अंदाज में प्रतिक्रिय दी। अहिल्यानगर जिला पश्चिम और उत्तर महाराष्ट्र के बीच स्थित है। 1999 से महाराष्ट्र में पिछली सरकारों में कई प्रमुख मंत्री पदों पर रह चुके थोरात का संगमनेर में शिवसेना के अमोल खटल से मुकाबला है। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने जब गठबंधन सहयोगियों के बीच नाराजगी की बात कही थी, तब कांग्रेस आलाकमान ने सहयोगी दलों शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए थोराट को भेजा था।

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Sachin Ramkrushna Waghade, killa Gate, Mahal, Nagpur 440032**

Name of political party: **Independent**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: Maharashtra general assembly election 2024

*Name of Constituency: 52 Nagpur south west

I **Sachin Ramkrushna Waghade** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 35 Dist. Judge 1 A. S. J. Achalpur | Spl. case. 142/2021 Date :- 08/11/2021 | Reply / Say | Section 294,323,427,506,34 of Indian Pinal code . Scheduled Castes And The Scheduled Tribes (Prevention Of Atrocities) Act section 3(1)(r),3(1)(s),3(2)(ra) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council byMLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# नासा चंद्रमा पर बना रहा आशियाना

> 2030 तक पूरा होगा चांद पर रहने का सपना

**नई दिल्ली.**



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा चांद पर बड़े स्तर पर मिशन की तैयारी कर रहा है। अपने आर्टेमिस मिशन के तहत नासा 1972 के बाद फिर से चांद पर इंसानों को भेजने की तैयारी कर रहा है। लेकिन इस बार नासा का प्लान है कि वहां लंबे समय तक अंतरिक्ष यात्री रुक पाएं, जिससे ज्यादा खोज की संभावनाएं पता लगाई जा सकें।

इसलिए नासा चांद पर एक घर बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें एस्ट्रोनॉट रह सकें। नासा की ओर से साझा की गईं प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की यात्रा के दौरान तीन मंजिला 'इन्फ्लेटेबल' अंतरिक्ष घर के अंदर रह सकते हैं। नासा की योजना है कि इस आवास को 2030 तक चांद पर स्थापित कर लिया जाए।

इसके बाद आर्टेमिस मिशन के तहत चांद की सतह पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्री 2030 के दशक तक विशालकाय पॉड के अंदर सो सकते हैं। हालांकि नासा ने अब तक लूनर सरफेस हैबिटेट के लिए फाइनल डिजाइन की पुष्टि नहीं की है, लेकिन उसकी ओर से जारी की गईं शुरूआती तस्वीरों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह खास अंतरिक्ष घर कैसा दिख सकता है।

नासा की योजना है कि अंतरिक्ष यात्री लूनर गेटवे नामक एक परिक्रमा करने वाले अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक करेंगे और फिर मिशन के लिए चंद्रमा पर उतरेंगे। नासा के पॉल केसलर ने 2022 में कहा था, 'नासा वर्तमान में चांद की सतह पर चालक दल के मिशन के लिए कॉन्सेप्ट पर काम कर रहा है, जिसके तहत निरंतर मिशन पर जाने वाले यात्री 30 दिन या उससे अधिक अवधि के लिए वार्षिक आधार पर वहां रह सकेंगे।

**लंबे समय तक चांद की सतह पर रह सकेंगे**

पॉल केसलर ने बताया कि अंतरिक्ष यात्रियों को आवास और सहायता प्रदान करने के लिए, नासा चांद की सतह पर आवास बनाने के लिए उपयोगों की खोज कर रहा है। इससे चांद पर लंबे समय तक रहने में मदद मिलेगी, जिससे और अधिक खोज की जा सकेंगी और चांद के बारे में इंसानों को नई जानकारी मिल पाएगी, खासकर उसके दक्षिणी ध्रुव के बारे में।

# बांग्लादेशियों को शरण दी गई: नड्डा

> सोरेन सरकार पर लगाए कई आरोप

**नई दिल्ली.**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह ओबीसी के चैंपियन बनना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने सवाल किया कि राजीव गांधी फाउंडेशन और राष्ट्रीय सलाहकार समिति में कितने ओबीसी सदस्य हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस बात पर गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी मंत्री हैं। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ओबीसी, आदिवासियों और एससी को मुख्यधारा में ला रही है।



जेपी नड्डा ने बोकारो में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे अभी एक खुफिया रिपोर्ट मिली है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को यहां मदरसों में पनाह दी जाती है। उनके आधार, मतदाता पहचान पत्र, गैस कनेक्शन और राशन कार्ड की सुविधा दी जाती है और फिर हेमंत सोरेन सरकार उनके लिए जमीन सुनिश्चित करती है। जेपी नड्डा ने आगे कहा- हेमंत सोरेन ने झारखंड के 'जल, जंगल, जमीन' को लूटा, यहां घुसपैठ बड़े पैमाने पर है। घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाएंगे कि उनकी संतानों को जमीन से वंचित किया जाए।

### केवल भाजपा ही घुसपैठ को रोक सकती है

बोकारो के गोमिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा, केवल पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही घुसपैठ को रोक सकती है। उन्होंने पूरे जेएमएम-आरजेडी-कांग्रेस को भ्रष्ट नेताओं का 'कुनबा' करार दिया और कहा कि इंडिया ब्लॉक के नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि, हेमंत सोरेन, जो जमानत पर बाहर हैं, फिर से जेल जाएंगे। वह 5,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले, 236 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले और कई अन्य घोटालों में लिप्त हैं।

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

| | | |
|---|---|---|
| **Name and address of candidate** | : | **KRUSHNAJI PANCHAMJI KHOPDE Satranjipura, Telipura, Near Hanuman Mandir, Nagpur** |
| **Name of political party** | : | **Bharatiya Janata Party** |
| **Name of Election** | : | **Maharashtra Legislative Assembly-2024** |
| **Name of Constituency** | : | **54 Nagpur East Legislative Assembly** |

**I KRUSHNAJI PANCHAMJI KHOPDE**, (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending Criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMF.C. Court No.03 | SCC/4899/2023 FIR No. 111/22 Lakadganj Police Station | Pending | 143, 188 of IPC with 135 of Maharashtra Police Act. Violation of the Covid Guidelines during Covid pandemic Period. |
| 2. | JMF.C. Court No.03 | SCC/5687/2022 FIR No. 42/2022 Lakadganj Police Station | Pending | Section 188, 270 of IPC & Section 135 of Maharashtra Police Act Violation of the Covid Guidelines during Covid pandemic Period. |
| 3. | JMF.C. Court No.02 | SCC/19443/2021 FIR No. 504/2020 Nandanvan Police Station | Pending | Section 188, 270 of IPC & Section 135 of Maharashtra Police Act. Matter is withdrawn & acquitted on 30/06/2023. |
| 4. | JMF.C. Court No.03 | RCC/30563/ 2005 FIR No. 22/2004 Lakadganj Police Station | Pending | Section 295, 143, 435, 427 of IPC & Section 135 of Maharashtra Police Act. Matter is Acquitted on 06/12/2013 |
| 5. | JMF.C. Court No.03 | CC/384/1997 FIR No. 397/1996 Lakadganj Police Station | Pending | Section 174 of Indian Railway Act Pending/Not Tracible |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | Nil | Nil | Nil |
| 2. | Nil | Nil | Nil |
| 3. | Nil | Nil | Nil |
| 4. | Nil | Nil | Nil |
| 5. | Nil | Nil | Nil |

**Name & Signature of Candidate**
**(KRUSHNAJI PANCHAMJI KHOPDE)**

# पलक-इब्राहिम गुजार रहे हसीन पल!





टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं. पलक और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के अफेयर की खबरे काफी उड़ती है. दोनों को अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता है. अब हाल ही में ये रूमर्ड कपल मालदीव पहुंचे, जहां से दोनों ने अपनी-अपनी तस्वीरें शेयर की है. लेकिन फैंस ने नोटिस किया कि वो इस ट्रिप पर एक-साथ गए थे.

सबसे पहले पलक ने अपनी मालदीव वेकेशन की झलक दिखाई, जिसमें उनकी हॉटनेस देख फैंस भी नजरें नहीं हटा सके. एक्ट्रेस ने फ्लोटिंग ब्रेकफास्ट, अंडरवाटर डाइव्स और कैंडललाइट डिनर सेटअप की झलक अपनी तस्वीरों में दिखाई. लेकिन अब एक्ट्रेस की चोरी पकड़ी गी और गॉसिप गलियारों में चर्चा है कि एक्ट्रेस वेकेशन पर इब्राहिम अली खान के साथ गई थी. क्योंकि इब्राहिम ने भी मालदीव से फोटोज शेयर की. दोनों की कई तस्वीरों में बैकग्राउंज एक जैसा है, ऐसे में फैंस का कहना है कि दोनों एक साथ ही वेकेसन में गए थे.

पलक ने एक वीडियो भी शेयर किया है. जिसमें कई ऐसी झलक देखने को मिली है, जिससे फैंस ने अनुमान लगाया कि ये रूमर्ड कपल मालदीव में एक साथ थे. हालांकि इब्राहिम ने अपनी फोटोज में लोकेशन का जिक्र नहीं किया है. लेकिन जिस पूल में पलक एंजॉय कर रही है, सेम उसी से इब्राहिम ने भी फोटो शेयर की. दोनों की डिनर डेट की तस्वीरें भी एक जगह की है.

# प्रचार के दौरान गोविंदा की बिगड़ी तबीयत



बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की बीते दिन अचानक तबीयत खराब हो गई थी. एक्टर महाराष्ट्र चुनाव के लिए प्रचार करने के लिए पहुंचे थे. इस दौरन रोड शो में भारी भीड़ थी, तभी अचानक सीने में दर्द के चलते गोविंदा की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस खबर के बाद से ही उनके फैंस काफी चिंता में हैं, क्योंकि कुछ समय पहले एक्टर के पैर में गोली लगी थी.

गोविंदा के फैंस उनकी तबीयत की खबर सुनने के बाद से ही चिंता में थे. वहीं, ताजा अपडेट के मुताबिक, अब गोविंदा की हालात अब पहले से स्थिर हैं, एक्टर आराम कर रहे हैं और चिंता की कोई भी बात नहीं है. दरअसल, गोविंदा पैर में गोली लगने के चलते घर में आराम कर रहे थे और लंबे समय के बाद वो जलगांव में महायुति के लिए प्रचार के लिए निकले थे. ऐसे में रोड शो के दौरान अचानक उनके सीने और पैर में दर्द हुआ था, उन्हें बेचैनी भी महसूस हो रही थी. जिसके बाद उन्हें शो छोड़कर मुंबई लौटना पड़ा. गोविंदा ने बॉलीवुड में कॉमेडी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है. एक्टर को आखिरी बार साल 2019 में फिल्म 'रंगीला राजा' में देखा गया था. वहीं उन्हें टीवी रियलिटी शोज में भी देखा गया है. फिलहाल, वो फिल्मों से दूर हैं और राजनीति में फोकस कर रहे हैं.

# फिर डायरेक्टर बने 'सिंघम'



अजय देवगन ने अपने करियर में 135 से ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग की है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि अजय देवगन एक शानदार डायरेक्टर भी हैं। अजय ने अपनी 5वीं डायरेक्टोरल फिल्म का भी अनाउंस कर दिया है। अजय देवगन के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार बतौर हीरो नजर आने वाले हैं। इसकी जानकारी खुद अजय देवगन ने दी है। अजय देवगन ने बताया कि 'मैं एक फिल्म डायरेक्ट कर रहा हूं, जिसमें अक्षय कुमार भी हीरो रहने वाले हैं। हालांकि फिल्म की डिटेल्स अभी बताना थोड़ा जल्दी होगा।' अजय देवगन इससे पहले भी 4 फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं।

अजय देवगन इससे पहले 4 फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। साल 2008 में आई फिल्म 'यू मी और हम' से अजय देवगन ने डायरेक्शन में डेब्यू किया था। इस फिल्म की काफी तारीफ हुई थी और करीब 40 करोड़ रुपयों की कमाई भी की थी। इसके बाद 2016 में शानदार ग्राफिक्स से सजी फिल्म शिवाय ने भी वर्ल्डवाइड 100 करोड़ रुपयों से ज्यादा की कमाई की थी। 2021 में आई भोला और 2022 में रनवे-34 भी बनाई थी। अब अजय देवगन की ये पांचवीं डायरेक्टोरल फिल्म होने वाली है। इस फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल निभाते नजर आने वाले हैं।

शुरुआत में एक एक्शन हीरो के तौर पर अजय देवगन ने अपनी इमेज बनाई। इसके बाद कुछ ही फिल्मों ने उन्हें हीरो बना दिया। अब अजय देवगन बॉलीवुड के टॉप-5 सुपरस्टार्स में गिने जाते हैं। अजय ने अपने करियर में अब तक 135 फिल्मों में काम किया है।

# फिर शालिनी पासी के बैग पर टिकीं सबकी निगाहें

दिल्ली की सोशलाइट शालिनी पासी अपनी आर्टिस्टिक लाइफस्टाइल जीवनशैली और लार्जर दैन लाइफ पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों शालिनी पासी के खूब चर्चे हो रहे हैं, जिसकी कई वजहें हैं। पहला तो नेटफ्लिक्स का शो 'फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स' और दूसरा उनकी लग्जरी लाइफस्टाइल। शो के दौरान भी शालिनी पासी की लग्जरी लाइफस्टाइल देखने को मिली थी और अब शो के बाद भी उनकी आलीशान लाइफस्टाइल लोगों को हैरान कर रही है। करोड़पति बिजनेसमैन और पास्को ग्रुप के चेयरमैन संजय पासी की पत्नी अब अपने बैग्स को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

हाल ही में आर्ट मुंबई ओपनिंग पार्टी में शिरकत करते हुए शालिनी पासी ने जबरदस्त अवतार दिखाया। इस पार्टी में कई मशहूर हस्तियों ने शिरकत की और अपना फैशनेबल अंदाज दिखाया। गेस्ट लिस्ट में करण जौहर, सीमा सजदेह, महीप कपूर, भावना पांडे, तमन्ना भाटिया, नेहा धूपिया, अंगद बेदी, ओरी, वेदांग रैना, कुशा कपिला जैसे सितारे शामिल थे। लेकिन, इस दौरान लोगों की नजरें जिन पर जा टिकीं वह थीं शालिनी पासी।

शालिनी पासी जो अपने जबरदस्त बैग कलेक्शन के लिए जानी जाती हैं इस बार भी अपने नए बैग से सबको हैरान करने में कामयाब रहीं। उन्होंने इवेंट के दौरान जूडिथ लीबर स्वारोवस्की बैग कैरी किया था। जिस पर हर किसी की निगाहें टिक गईं। कीमत की बात की जाए तो इस जूडिथ लीबर स्वारोवस्की बैग की कीमत जानकर कोई भी हैरान रह जाएगा। वेबसाइट के अनुसार इस बैग की कीमत 4,800 अमेरिकी डॉलर है, जिसे भारतीय रूपयों में कन्वर्ट किया जाए तो ये 4,05,493 होंगे।


# पति संग रोमांटिक हुईं श्रीजिता



टीवी एक्ट्रेस श्रीजिता डे पिछले कई दिनों से अपनी दूसरी शादी को लेकर चर्चा में हैं. दरअसल क्रिश्चियन मैरिज के बाद एक्ट्रेस ने अब अपने पति से बंगाली रीति-रिवाजों के साथ ब्याह रचाया है. दोनों की शादी गोवा के बीच पर हुई. वहीं अब शादी के बाद कपल के रिसेप्शन से भी कई तस्वीरें सामने आ चुकी हैं. जिसमें श्रीजिता अपने पति संग नजर आई.

इन तस्वीरों में श्रीजिता डे अपन पति माइकल ब्लोहम के साथ रोमांटिक होती हुई नजर आई हैं. दोनों की ये तस्वीरें अब तेजी से वायरल भी हो रही हैं. श्रीजिता ने अपनी रिसेप्शन पार्टी के लिए देसी लुक कैरी किया. उन्होंने पीच कलर का एक फ्लोरल लहंगा पहना था. एक्ट्रेस ने अपना लुक बालों में बन, मांग में सिंदूर, ग्लोसी मेकअप और गले में डायमंड नेकलेस पहनकर पूरा किया है. वहीं हाथों की मेहंदी एक्ट्रेस के लुक में चार चांद लगा रही है. रिसेप्शन से सामने आई इन तस्वीरों में श्रीजिता डे के पति माइकल ब्लैक कलर के सूट में दिखाई दिए. जो काफी हैंडसम लग रहे हैं. वहीं रिसेप्सन की फोटो में ये कपल एक-दूसरे के साथ बेहद कोजी होते हुए नजर आए हैं. माइकल अपनी वाइफ को बाहों में लेकर कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं. बता दें कि श्रीजिता और माइकल ने क्रिश्चियन शादी के डेढ़ साल बाद बंगाली रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लिए हैं.

# तमन्ना भाटिया का बढ़ा वजन?



'आज की रात' जैसे आइटम सॉन्ग से लाइमलाइट लूटने वाली एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अपने सिजलिंग लुक्स की वजह से खूब चर्चा में रहती हैं. तमन्ना भाटिया का फैशन सेंस हर कोई फॉल करना चाहता है. उनका स्टाइल स्टेटमेंट काफी अलग और सिजलिंग होता है. फैंस एक्ट्रेस के लुक्स की तारीफ करते थकते नहीं हैं.

हालांकि, इस बार एक्ट्रेस को अपने लुक्स की वजह से ट्रोलिंग झेलनी पड़ रही है. उनका सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो कटआउट ड्रेस में नजर आ रही हैं. इस वीडियो में तमन्ना का वजन थोड़ा बढ़ा हुआ नजर आ रहा है. उन्होंने कटआउट बैकलेस टॉप और ब्लैक जींस पहनी हुई थी.

# गुजरात की जोड़ी ने विदर्भ को पांचवीं जीत से किया वंचित

## विदर्भ को मिले तीन अंक टेबल टॉप पोजीशन बरकरार



**नागपुर.** गुजरात की टीम - ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच में विदर्भ के तीन खिलाड़ियों के शतकों के बावजूद इसे ड्रॉ करवाते हुए एक अंक हासिल करने में सफल रही। पहली पारी में (115), करुण नायर (123) और मेहमान टीम के 343 रन के जवाब में मेजबान विदर्भ की टीम दानिश मालेवार कप्तान अक्षय वाडकर (नाबाद 114) के शतकों की मदद से नौ विकेट पर 545 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही।

वीसीए जामठा मैदान पर विदर्भ ने चौथे दिन बीती रात के आठ विकेट पर 512 रन से आगे खेलना शुरू किया। वाडकर 104 रन और प्रफुल्ल हिंगे 26 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दिन के स्कोर में 21 रन जोड़ने के बाद हिंगे को 40 रन के निजी स्कोर पर अर्जन नागवासवाला ने आउट कर दिया। विदर्भ ने स्कोर में 12 रन और जोड़ने के बाद पारी घोषित की। पहली पारी के आधार पर मेजबान टीम को 202 रन की बढ़त मिली। तेजस पटेल ने मेहमान टीम के लिए तीन विकेट चटकाए जबकि नागवासवाला और सिद्धार्थ देसाई ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। मैच को बचाने के लक्ष्य में उतरी मेहमान टीम की दूसरी पारी में अच्छी शुरूआत नहीं हुई। उसने सलामी बल्लेबाज प्रियांक पंचाल (03) औरआर्या देसाई (07) के विकेट जल्द गंवा दिए। टीम ने 50 रन पर तीन विकेट खो दिए थे लेकिन उमंग कुमार (50 - रन) और जयमीत पटेल (21 रन) ने टिककर खेलते हुए चौथे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। उमंग को हर्ष दुबे ने और फिर अक्षय वखारे ने जयमीत को आउट किया। हेतल पटेल (77 रन) ने पारी को न संभालने का प्रयास किया जिससे टीम का स्कोर छह विकेट पर 171 रन था. न स्कोर जब बराबर हुआ तो गुजरात ने न कप्तान चिंतन गजा (04) के रूप में अपना सातवां विकेट गंवा दिया।

## 4 हार के बाद तमिल थलाइवाज़ ने चखा जीत का स्वाद

**नई दिल्ली.**

तमिल थलाइवाज ने लगातार चार हार के बाद फिर से जीत की पटरी पर वापसी कर ली है। नोएडा इंडोर स्टेडियम में शनिवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वे सीजन के 57वें मैच में थलाइवाज ने बंगाल वॉरियर्स को 46-31 के अंतर से हराया। डिफेंस द्वारा जुटाए गए 19 प्वाइंट्स की मदद से थलाइवाज को 10 मैचों में चौथी जीत मिली जबकि बंगाल को लगातार तीसरी हार मिली।

थलाइवाज की जीत में रीडिंग से विशाल चहल (12), नरेंद्र कंडोला (5) और मोइन शफागी (6) और डिफेंस से नितेश कुमार (6), आमिर हुसैन बस्तामी (7) का योगदान रहा। बंगाल की बात करें तो रेडिंग में नितिन (8) और विश्वास (9) के अलावा डिफेंस से नितेश (4) और फजल अतराचली (4) ने अच्छा प्रदर्शन किया।इस अहम मुकाबले में वारियर्स ने अच्छी शुरुआत कर 10 मिनट बाद 10-6 की लीड बना ली थी। इसमें विश्वास के सुपर रेड का योगदान है। दोनों टीमों ने हालांकि सावधान शुरुआत की थी। चार मिनट बाद स्कोर 2-2 था.

# एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

**राजगीर.**




गत चैंपियन भारत ने शनिवार को बिहार के राजगीर में चल रहे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। भारत की ओर से संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) ने दो फील्ड गोल किए, जबकि टूर्नामेंट की सर्वोच्च स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। विश्व की छठे नंबर की टीम चीन के खिलाफ जीत भारत की टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत थी। मेजबान टीम अब चार मैचों में आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। चीन चार मैचों में छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत रविवार को जापान के खिलाफ अपने राउंड रॉबिन अभियान की शुरुआत करेगा। छह टीमों के महाद्वीपीय टूर्नामेंट से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत शुरू से ही आक्रामक रहा और उसने अधिकांश अवसर बनाए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, क्योंकि चीनियों ने अपनी सीमा में काफी अंदर तक घुसपैठ की और जवाबी हमलों पर निर्भर रहे। भारत को खेल के पहले मिनट में ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर के रूप में पहला वास्तविक मौका मिला, लेकिन दोनों ही अवसरों को उसने गंवा दिया। कुछ मिनट बाद शर्मिला देवी ने सुनलिता टोप्पो को सटीक पास दिया, जिसके पहले स्पर्श ने चीनी रक्षापंक्ति को खोल दिया, जिससे दीपिका को विपक्षी गोलकीपर के साथ आमने-सामने की स्थिति में आना पड़ा, जिन्होंने आगे आकर भारतीय फारवर्ड को गोल करने से रोक दिया। चीन ने पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति मज़बूत रही। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें काफ़ी सतर्क रहीं और भारत ने शानदार शुरुआत के बाद कुछ मूर्खतापूर्ण गलतियां कीं।

भारतीय टीम ने मैच के अंत में भी उसी गति से खेलना जारी रखा और मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। 32वें मिनट में आखिरकार उनकी कोशिशें रंग लाईं, जब संगीता ने मिडफील्ड से सुशीला चानू के डिफेंस को चीरने वाले पास को चतुराई से गोल में बदल दिया.

पांच मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन मनीषा चौहान की फ्लिक को दूसरे चीनी गोलकीपर टिंग ली ने बचा लिया और लालरेमसियामी का रिबाउंड प्रयास चूक गया जिससे हाफ टाइम के बाद भी गतिरोध जारी रहा।

# कप्तान एलिसा हीली के घुटने में लगी चोट

**नई दिल्ली**

.अगले कुछ दिनों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जबरदस्त क्रिकेट एक्शन शुरू होने वाला है. दो देशों की इस टक्कर का इंतजार हर किसी को है और सबकी नजरें इसके आगाज पर लगी हुई हैं. इससे ठीक पहले स्टार खिलाड़ियों की चोट चिंता का विषय बन गई है. जहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से ठीक पहले टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं और पर्थ टेस्ट से बाहर हो गए हैं, वहीं केएल राहुल को भी चोट लगी है. इन सबसे अलग ऑस्ट्रेलिया को भी झटका लगा है क्योंकि टीम को आने वाली सीरीज में अपने कप्तान के बिना ही मैदान पर उतरना पड़ सकता है. लेकिन ये चोट ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम के कप्तान पैट कमिंस को नहीं लगी, बल्कि महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली को लगी है, जो अगले हफ्ते से भारत के खिलाफ शुरू हो रही सीरीज से बाहर हो सकती हैं.

जहां ऑस्ट्रेलिया और भारत की पुरुष टीमों के बीच 22 नवंबर से पर्थ में टेस्ट सीरीज शुरू हो रही है, वहीं महिला टीमों के बीच 5 दिसंबर से ब्रिसबेन में वनडे सीरीज का आगाज होने वाला है. इस सीरीज से ही ठीक पहले टीम की स्टार कप्तान एलिसा हीली को बाएं घुटने में चोट लग गई है. हीली को ये चोट विमेंस बिग बैश लीग के दौरान लगी.

# पाकिस्तान के सपोर्ट में उतरा ये देश

**नई दिल्ली.**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी की उम्मीद अभी पीसीबी के लिए दूर की कौड़ी के समान है। बीसीसीआई के 8 टीमों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान न भेजने के फैसले के बाद पीसीबी असहाय नजर आ रहा है। पीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत के बिना ये टूर्नामेंट आईसीसी के साथ पीसीबी के लिए बड़े घाटे का सौदा साबित होगा, जिसके चलते या तो हाइब्रिड मॉडल अपनाया जाएगा या फिर अन्य किसी देश को मेजबानी सौंपी जा सकती है।



बीसीसीआई ने आईसीसी से कुछ नहीं मिलने पर पीसीबी ने कहीं और मदद लेने का फैसला किया है। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी और सीओओ सलमान नसीर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बारे में बात करने के लिए लंदन में इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन से मुलाकात की है। पीसीबी के अनुसार, यह बैठक सफल रही और उन्होंने थॉम्पसन के समर्थन का हवाला देते हुए कहा कि इंग्लैंड का हालिया पाकिस्तान दौरा बहुत प्रभावशाली रहा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी शुभकामनाएं पाकिस्तान के साथ हैं।

बीसीसीआई की आपत्ति के बाद आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी घुमाने के पीसीबी के 'ट्रॉफी टूर' को संशोधित किया। दरअसल पाकिस्तान की मंशा थी कि वह ट्रॉफी उन क्षेत्रों में भी घुमाए जहां भारत अपना दावा करता है, यानी पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर इसके पीछे पाकिस्तान की योजना भारत को उकसाने की थी।

# रोनाल्डो का बाइसिकल किक का दमदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली.**

39 साल की उम्र में भी स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो उतने ही फुर्तीले दिखते हैं, जितना वे 10 साल पहले दिखते थे। पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर रोनाल्डो ने यहां यूएफ नेशंस लीग मुकाबले में पोलैंड के खिलाफ मैच में बाइसिकल किक से गोल कर प्रशंसकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कप्तान रोनाल्डो के दो गोल की बदौलत पुर्तगाल ने पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

अपने घरेलू दर्शकों के सामने पुर्तगाल ने दमदार प्रदर्शन किया। रोनाल्डो ने इस मैच में दो गोल किए, उन्होंने 72वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल दागा और फिर कुछ ही देर बाद 87वें मिनट में बाइसिकल किक से एक और गोल कर दिया। अब उनके कुल 135 गोल हो गए हैं। रोनाल्डो के अलावा राफेल लियो ने 59वें, ब्रूनो फर्नांडीज 80वें और पेड्रो नेटो ने 83वें मिनट में गोल किए।

इस हार के साथ ही पोलैंड की क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। पोलैंड की ओर से मैच का एकमात्र गोल 88वें मिनट में रिजर्व खिलाड़ी डोमिनिक मर्जुक ने किया, लेकिन वह केवल हार के अंतर को कम करने तक ही सीमित रहा। पोलैंड के लिए यह मैच काफी निराशाजनक रहा। उन्हें पहले हाफ में कुछ अच्छे मौके मिले थे.


एक हैं तो सेफ़ हैं
शिवसेना
भारतीय जनता पार्टी, महाराष्ट्र
Published By: Bharatiya Janata Party, Maharashtra | C.D.O Barrack No. 1, Nariman Point, Mumbai- 400020
*Matter related to "Clock" symbol of the NCP is sub-judice in the Supreme Court.